दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली ।। शुक्रवार 24 मई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 224 पेज - 08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




### नगर निगम पार्षद पुलिस तकरार में बोले कैबिनेट मंत्री और लोकसभा उम्मीदवार

# अतुल बोले मैं हूं बाहर और सुनील शर्मा ने कहा मेयर देख रही हैं मामले को बेहतर

वरिष्ठ संवाददाता







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये भी एक कमाल कमल वालों की सरकार में रहा कि जनता ने उन्हें वहां जनादेश दिया और वो संदेश कुछ और ही दे रहे हैं। भाजपा के एक पार्षद को पुलिस ने मारपीट व अन्य मामलों में जेल भेज दिया। पार्षद को जेल भेजे जाने के विरोध में पार्षद एकता का नारा गूंजा और मेयर इस मामले में सामने आईं। लेकिन इन सबके बावजूद बात नहीं बनी। सवाल ये उठा कि केन्द्र में सरकार भाजपा और उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार सरकार भाजपा की। 100 पार्षदों वाले सदन में भाजपा 73 पार्षदों के साथ काबिज है।

मेयर वाली कुर्सी पर निगम के गठन के बाद से ही भाजपा का कब्जा रहा है। यानी हुकुमत, सत्ता पॉवर सबकुछ भाजपा की और उसके बावजूद पार्षद सड़को पर हैं, भाजपा के पार्षद धरना दे रहे है। भाजपा के पार्षद को पुलिस जेल भेज रही है तो फिर इस मामले में भाजपा पार्षदों के साथ क्या उनके विधायक हैं। क्या इस मामले में संगठन का कोई रोल रहा है। करंट क्राइम ने इस पूरे मामले को लेकर शहर विधायक तथा भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग तथा साहिबाबाद विधायक और कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की। दोनों ही विधायकों ने नपे तुले शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की और खुद को इस मामले से डिस्टेंस मोड पर रखा।

शहर विधायक तथा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने कहा कि वो इन दिनों पार्टी के निर्देश पर चुनाव प्रचार के लिए चंडीगढ़ में हैं। उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। वहीं साहिबाबाद विधायक और कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इस पूरे प्रकरण पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि मेयर सुनीता दयाल नगर निगम की मुखिया हैं। यह पार्षदों का प्रकरण हैं और वो नगर निगम की मुखिया होने के नाते इसे देख रही हैं। वो बेहतर जानती हैं और वो इस मामले में कुछ बेहतर ही कर रही हैं। इस तरह से दोनों जनप्रतिनिधियों, दोनों विधायकों ने इस पूरे मामले में नपे तुले शब्दों में अपनी राय दी और खुद को उन्होंने इस मामले में डिस्टेंस मोड पर रखा।

# पटियाला में पीएम नरेंद्र मोदी विरोधियों पर जमकर बरसे

**चंडीगढ़।** पटियाला के पोलो ग्राउंड में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरोधियों पर जमकर बरसे। लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में अपनी पहली रैली में मोदी ने कई भावनात्मक मुद्दों को छुआ।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता



के लिए देश का बंटवारा किया और बंटवारा भी ऐसा किया कि 70 साल तक हमें दूरबीन से करतारपुर साहिब के दर्शन करने पड़ते थे। जब बांग्लादेश की लड़ाई हुई, 90 हजार से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक सरेंडर कर चुके थे, 90 हजार से ज्यादा सैनिक हमारे कब्जे में थे। मैं विश्वास से कहता हूं, अगर उस समय मोदी होता, तो उनसे करतारपुर साहिब लेकर रहता, तब उन जवानों को छोड़ता। वो तो नहीं कर पाए, लेकिन मुझसे जितनी सेवा हो सकी मैंने की। आज करतारपुर साहिब आपके सामने है।

**लंगर को टैक्स से मुक्त किया :** मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने लंगर को टैक्स से मुक्त किया। पहले श्री हरमंदिर साहब में विदेशों सेभक्त चंदा नहीं दे पाते थे। हमने इसके लिए नियमों में छूट दी। श्री फतेहगढ़ साहिब तो साहिबजादे के शौर्य और शहादत का साक्षी रहा है। ये मोदी सरकार है, जिसने साहिबजादों के शौर्य के लिए समर्पित वीर बाल दिवस घोषित किया। अफगानिस्तान में हमारे सिख परिवार संकट में थे। हम सभी को सुरक्षित वापस लाए। हम गुरु ग्रंथ साहब के स्वरूपों को भी अदब के साथ लाए। पीएम ने इंडी-गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि ये घोर सांप्रदायिक हैं, घोर जातिवादी हैं, घोर परिवारवादी हैं।

# नौकरियों में महिलाओं को देंगे 50% आरक्षण : राहुल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गुरुवार को आयोजित 'महिला न्याय संवाद' में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि वे राज्यसभा, लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को जगह देंगे। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि यहां 50 प्रतिशत महिलाएं हों। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। जब तक महिलाओं को भागीदारी नहीं मिलेगी तब तक यह देश प्रगति नहीं कर सकता है।



उत्तर पश्चिमी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज को वोट देने की अपील करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि महिला और पुरुष दोनों ही काम पर जाते हैं, लेकिन, जब महिला घर लौटती है तो उसकी दूसरी शिफ्ट चालू होती है। वह बच्चों को पालती हैं, बच्चे बीमार हों तो उनकी देखभाल करती हैं। घर में खाना बनाती हैं, सबका ध्यान रखती हैं और इसके लिए महिलाओं को कभी कुछ नहीं दिया जाता। वह एक प्रकार से यह सबकुछ फ्री में करती हैं।

उन्होंने आगे कहा कि यह सच्चाई है कि यदि हिंदुस्तान के पुरुष 8 घंटे काम करते हैं तो महिलाएं 16 घंटे काम करती हैं। महिलाओं और पुरुषों में पैसे खर्च करने का तरीका अलग-अलग है। महिलाएं पैसे बचाती हैं, बच्चों के बारे में सोचती हैं, आगे की प्लानिंग करती हैं। महिलाओं की फाइनेंशियल सोच पुरुषों के मुकाबले बेहतर है। महिलाओं के ये जो 8 घंटे हैं, सरकार उसके लिए महिलाओं को पैसा देगी। हम नहीं चाहते कि आप फ्री में काम करो इसलिए हम 'महालक्ष्मी योजना' लाए हैं।

# हाथ वालों तक पहुंची भाजपा पार्षदों को कांग्रेस पार्षदों के समर्थन देने की बात, जब चुनाव में है भाजपा से तकरार तो समर्थन का क्यों दिख रहा है करार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूरे देश में लोकसभा चुनाव हो रहा है और चुनावी रण ही भाजपा और कांग्रेस के बीच है। राहुल गांधी अपने चुनावी भाषण में भाजपा को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ते और भाजपा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर स्थानीय नेता भी हर मुद्दे पर कांग्रेस को घेर रहे है। गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव हुआ है और यहां भी भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला है। लेकिन कांग्रेस के लिए स्थिति उस समय असहज हो गई जब नगर निगम के एक मामले में पुलिस ने भाजपा के पार्षद को उगाही और मारपीट के आरोप में जेल भेजा। भाजपा के पार्षद को पुलिस ने जेल भेजा और जिस मुद्दे पर कांग्रेस भाजपा को भ्रष्ट्राचार के मुद्दे पर घेर सकती थी उस मुद्दे पर कांग्रेस के पार्षद ही भाजपा के समर्थन में जाकर खड़े हो गये। कांग्रेस पूरे देश मेंअपनी सियासी लड़ाई ही भाजपा के खिलाफ लड़ रही है और गाजियाबाद में कांग्रेस के पार्षद भाजपा के धरने में शामिल हो गये। सवाल यही उठा कि क्या ये पार्षद अपने पार्टी संगठन के संज्ञान में जानकारी देने के बाद धरने पर गये थे।

क्या कांग्रेस पार्षदों के लिए अपनी पार्टी के प्रोटोकॉल से बड़ा निगम पार्षद एका था। आखिर कांग्रेस के पार्षद पार्टी गाइडलाइन को साइड में रखकर भाजपा वालों के साथ धरने पर क्यों बैठ गये। मामला कांग्रेस संगठन तक पहुंचा है। जिस भाजपा से राहुल गांधी लड़ाई लड़ रहे हैं। उस भाजपा के साथ कांग्रेस के पार्षद कैसे बैठ सकते हैं। मामला हैशटैग तक भी आया और जो पार्षद भाजपा पार्षद वाले धरने में शामिल हुए हैं उनमें कांग्रेस के पार्षद प्रवीण मुलायम और अजय शर्मा बताये जाते हैं। कांग्रेस के भीतर ही ये सवाल खड़ा हो गया कि कांग्रेस पार्षदों के इस कदम को कहीं से कहीं तक फेयर नहीं माना जा सकता। राजनीति में ऐसा रेयर होता है। हमें जिस भाजपा से लड़ना है हमारे पार्षद उसी भाजपा की केयर कर रहे हैं। बताते हैं कि ये पूरा मामला पार्टी आला कमान तक पहुंचा है। पार्टी आला कमान में ये शिकायत की गई है।

### हम ठेली पटरी वालों के समर्थन में हैं, हमारे संज्ञान में अब आया है मामला : विजय चौधरी

**करंट क्राइम।** कांग्रेस के दो पार्षद भाजपा की मेयर के साथ बैठ गये। वो भाजपाईयों के साथ धरने पर बैठ गये। मामला कांग्रेस हाईकमान तक पहुंचा है।



इस मामले पर करंट क्राइम ने जब कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी से बात की तो उन्होंने कहा कि मेरे संज्ञान में ये मामला अभी आया है। मैं इस मामले में कांग्रेस पार्षदों की भूमिका की जानकारी जुटा रहा हूं। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि हम पूरी तरह से भाजपा के विरोध में है। जो भाजपा पार्षद ठेली पटरी वालों से मारपीट कर रहा है उसे जेल जाना ही चाहिए। हम ठेली पटरी वालों के समर्थन में हैं। जिन कांग्रेसी पार्षदों की बात हो रही है मैं उनकी पूरी जानकारी लूंगा।



# ताल-तिकड़म से पद पाने वाले परदेसी हैं, ये सब चले जाएंगे : बालेश्वर त्यागी



> हम जैसे कई लोगों के चुनाव हारने पर उनको बड़ा संतोष हुआ था। उसको उन्होंने कई बार साझा भी किया था।

> जब भाजपा के लिए अनुकूलता समाप्त होगी ये भी कहां चले जाएंगे पता भी नहीं चलेगा।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने भाजपा में चल रहे कुनबा एक्सटेंशन को लेकर अपनी बात को सधे हुए शब्दो में रखा है। अपनी बात की प्रमाणिकता के लिए उन्होंने एक संगठन मंत्री का उदाहरण दिया है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने लिखा है कि आज मेरी स्मृतियों में बहुत पुरानी बात ताजा हो गई। लगभग 31 साल पहले भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजकुमार सिंह को संगठन मंत्री बनाया। उससे पूर्व वह भाजपा के वरिष्ठ नेता और कल्याण सिंह जी की सरकार में वरिष्ठ मंत्री लालजी टण्डन के पीआरओ थे। उस सरकार में हम भी मंत्री थे। भाजपा में हमने संगठन मंत्री की उस परम्परा को देखा था जिसमें त्यागी तपस्वी ,संगठन के लिए समर्पित व्यक्तित्व को ही ये गुरुत्तर दायित्व दिया जाता था। हमने नाना जी देशमुख ,सुंदर सिंह भंडारी ,कुशाभाऊ ठाकरे जैसे वटवृक्षों को संगठन का दायित्व निर्वाह करते देखा था। इसलिए कभी उंसके लिए मन से वह सम्मान का भाव नहीं जगा जो एक संगठन मंत्री के लिए अपेक्षित था। हम उसे टण्डन जी के पीआरओ के रूप में ही देखते रहे। उंसने पूरे पश्चिम में अपना जलवा कायम किया। लोग उससे डरते थे। अपने दायित्व के निर्वाह में कभी उनकी उपेक्षा न हो जाय इसके लिए बहुत सजग रहते थे। वे संगठन मंत्री कम एक प्रशासक ज्यादा थे। हम जैसे कई लोगों के चुनाव हारने पर उनको बड़ा संतोष हुआ था। उस को उन्होंने कई बार साझा भी किया था। हम कहते थे कि ये असली भाजपाई नहीं हैं। ये तो सत्ता के साझीदार हैं। जब भाजपा के लिए अनुकूलता समाप्त होगी ये भी कहाँ चले जायेंगे पता भी नहीं चलेगा। आज वे कहाँ हैं ? ,कहाँ चले गए ? क्या कर रहे हैं ? कोई नहीं जानता । हम आज भी भाजपा में हैं ,भाजपा के साथ हैं और अपनी सामर्थ्य के अनुसार जो कर सकते हैं ,कर रहे हैं ।भाजपा अपने कार्यकताओं से है। ताल तिकड़म से पद पाने वाले परदेशी हैं ।ये सब चले जायेंगे ।ये बात संगठन के कर्ता धताओं को समझनी चाहिए।



# 400 से अधिक सीटों के साथ बनने जा रहा है एनडीए सरकार, दिल्ली में भाजपा करेगी क्लीन स्वीप : राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सातों सीटों पर भाजपा के क्लीन स्वीप का दावा करते हुए कहा है कि देश ही नहीं बल्कि दुनिया के भी राजनीतिक विश्लेषक यह मान रहे हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन 400 से ज्यादा सीटों के साथ केंद्र में फिर से सरकार बनाने जा रहा है। दिल्ली में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को पश्चिम दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार कमलजीत सहरावत के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इस बार का चुनाव किसी उम्मीदवार को जिताने वाला चुनाव नहीं है, बल्कि, यह चुनाव देश को बनाने वाला चुनाव है। भारत की राजनीति में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने विश्वसनीयता का संकट पैदा कर दिया है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि केजरीवाल ने जो भी वादे किए, उनमें से एक भी पूरा नहीं किया। केजरीवाल ने जो भी बातें कही, उससे मुकर गए। स्वाति मालीवाल के साथ जो भी हुआ, वह बहुत ही दिल दहलाने वाला है। जिनके घर में, जिनकी मौजूदगी में, महिला सांसद को पीटा गया हो और वो जांच की बात कह रहे हैं, ये अपने आप में कायरता की निशानी है।

जो सरकार माताओं और बहनों की रक्षा नहीं कर सकती है, उस सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस नेता ने अपने गुरु अन्ना हजारे को भी धोखा दिया हो, उस पर दिल्ली की जनता भरोसा नहीं कर सकती है।

भाजपा देश की इकलौती ऐसी पार्टी है, जिसने अपने घोषणा पत्र में जो भी वादे किए, उसे पूरा किया, चाहे वह जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का वादा हो या अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनाने का वादा हो। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर लड़ रही हैं। जबकि, पंजाब में दोनों पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ हैं। केजरीवाल की हालत अब यह हो गई है कि कांग्रेस के साथ कभी भी नहीं जाने की बात कहने वाले केजरीवाल अब कांग्रेस की 'बी' टीम बन गए हैं। लोगों ने 'वर्क फ्रॉम ऑफिस' और 'वर्क फ्रॉम होम' तो सुना था, लेकिन, केजरीवाल ने 'वर्क फ्रॉम जेल' करके दिखा दिया।

मोदी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवें नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और आने वाले कुछ वर्षों में भारत अमेरिका और चीन के बाद तीसरे नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि वर्ष 2070 तक भारत दुनिया का सबसे धनवान देश बन जाएगा।

## 16 साल की सौम्या ने किया एवरेस्ट फतह

**नई दिल्ली।** सोलह साल की काम्या कार्तिकेयन माउंट एवरेस्ट के शिखर पर नेपाल की तरफ से पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हैं। नेवी चिल्ड्रन स्कूल, मुंबई की 12वीं कक्षा की छात्रा की इस उपलब्धि पर भारतीय नौसेना ने गुरुवार को उन्हें बधाई दी। काम्या ने अपने पिता और नौसेना अधिकारी कमांडर एस. कार्तिकेयन के साथ 20 मई को 8,849 मीटर ऊंचे पर्वत शिखर को फतह करने का कारनामा कर दिखाया था। नौसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, काम्या ने सात में से छह महादेशों के सबसे ऊंचे पर्वत शिखरों पर पहुंचने में अदम्य और सतत साहस का परिचय दिया है। भारतीय नौसेना सभी सात महादेशों के सर्वोच्च शिखरों पर फतह हासिल कर ऐसा करने वाली सबसे कम उम्र की लड़की बनने की उनकी महत्वाकांक्षा के लिए युवा काम्या को शुभकामनाएं देती है। काम्या का अगला लक्ष्य इस साल दिसंबर में अंटार्कटिका का माउंट विनसन मैसीफ को फतह करना है। यह मुकाम हासिल करते ही वह सभी सात महादेशों के सर्वोच्च शिखरों पर पहुंचने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की लड़की बन जाएंगी।

# असम में हमें अच्छे खासे मुस्लिम वोट मिले : भाजपा विधायक



**गुवाहाटी।** असम में भाजपा विधायक कृष्णेंदु पॉल ने गुरुवार को मुस्लिम वोटों को लेकर बड़ा दावा किया। विधायक का कहना है कि भाजपा की विकास की राजनीति के कारण पार्टी को अच्छे खासे मुस्लिम वोट मिले हैं। पथरकंडी से विधायक कृष्णेंदु पॉल ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा सरकार ने पिछले कई वर्षों में विकास की राजनीति की है। सरकारी सहायता प्राप्त परियोजनाओं में कोई भेदभाव नहीं होता। चाहे आयुष्मान भारत हो या जल जीवन मिशन, मुसलमानों को भी समावेश किया गया। यह बात अल्पसंख्यक मतदाता भलीभांति समझ गए हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार कृपानाथ मल्लाह ने एआईयूडीएफ और कांग्रेस उम्मीदवारों को हराकर करीमगंज सीट जीती थी। यह एक त्रिकोणीय मुकाबला था।

कांग्रेस और एआईयूडीएफ के बीच अल्पसंख्यक वोटों के विभाजन ने भाजपा के लिए मार्ग प्रशस्त किया था। हाल ही में संपन्न चुनाव में भी करीमगंज में भाजपा, कांग्रेस और एआईयूडीएफ के उम्मीदवार मैदान में थे। भाजपा ने मल्लाह को फिर से इस सीट से मैदान में उतारा। जबकि गुवाहटी हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील हाफिज रशीद अहमद चौधरी कांग्रेस के उम्मीदवार थे।

भाजपा विधायक ने आगे कहा, "हमें अपने विपक्षी उम्मीदवारों के बीच वोटों के बंटवारे की चिंता नहीं थी। इस बार बड़ी संख्या में मुस्लिम लोग हमारा समर्थन करने के लिए आगे आए। यह केवल हमारी पार्टी के विकास के एजेंडे के कारण हुआ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी भी मुस्लिम लोगों को सशक्त नहीं बनाया। कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदायों को अपने वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया।

## न्यूज डायरी

### ठाणे में केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी आग, कई लोग घायल



**ठाणे।** ठाणे के डोंबिवली में एमआईडीसी परिसर में स्थित एक प्राइवेट केमिकल फैक्ट्री में गुरुवार को सिलसिलेवार विस्फोटों के बाद आग लग गई। एक चश्मदीद ने बताया, विस्फोट इतने जबरदस्त थे कि आसपास के घर हिल गए और कुछ घरों के शीशे टूट गए। भयभीत स्थानीय लोग घरों से निकलकर बाहर आ गए। कुछ ही मिनटों बाद, फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर आधा दर्जन फायर टेंडर, पानी के टैंकर और बचाव दल मौके पर पहुंचे। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि फैक्ट्री में हुए विस्फोट और आग लगने की घटना में कम से कम पांच लोगों के घायल होने की खबर सामने आई है। हालांकि, घायलों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### दिल्ली के संगम विहार में एक घर में लगी आग, एक की मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के संगम विहार इलाके में एक घर में आग लग गई। घर से 50 वर्षीय एक व्यक्ति का जला हुआ शव मिला है। मृतक की पहचान लईक अहमद के रूप में हुई है। वह संगम विहार इलाके में बुध बाजार का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि रात लगभग 12:35 बजे एक घर में आग लगने और एक सिलेंडर में विस्फोट के बारे में कॉल मिली थी। इसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग बुझने के बाद लईक अहमद का जला हुआ शव मिला। शुरूआती पूछताछ में पता चला कि वह शराबी और मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति था। लईक अहमद का 21 साल का बेटा नोएडा में काम करता है। घटना के समय वह अपने काम पर था। लईक ने अपनी पत्नी को उसके लिए गुटका लाने के लिए भेजा था। जब वह वापस लौटी तो उसने आग देखी और शोर मचाया। अधिकारी ने आगे बताया कि अपराध टीम को मौके पर बुलाया गया और शव को अस्पताल भेज दिया गया।

### पटना के मरीन ड्राइव पर भाजपा के 'ड्रोन शो' में दिखेगी बिहार की संस्कृति और विकास



**पटना।** उत्तर प्रदेश के बनारस के बाद भाजपा बिहार में चुनाव प्रचार के लिए ड्रोन को उतारने जा रही है। इसी के मद्देनजर पटना के मरीन ड्राइव पर चार दिवसीय ड्रोन शो की शुरूआत गुरुवार की शाम को होगी। बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में बताया कि चुनाव प्रचार में भाजपा ने एक नई चीज को जोड़ा है। इसके तहत पटना मरीन ड्राइव पर लोग चार दिनों तक ड्रोन शो देख सकेंगे। ड्रोन शो के जरिए लोग मोदी सरकार के 10 साल में किए गए विकास कार्यों, बिहार की बढ़ती रफ्तार के साथ बिहार की संस्कृति से भी रूबरू होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के लिए यह एक अनोखा शो होगा। यह खासकर युवाओं के लिए आकर्षक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पना युवाओं को डिजिटल तकनीक से जोड़ने की रही है। इसी के तहत यह ड्रोन शो होगा।

यह कार्यक्रम 'भाजपा 10 साल बेमिसाल' की ही एक कड़ी है। यह शो प्रतिदिन शाम 6.30 से 7.30 बजे तक चलेगा। गुरुवार को शो के शुभारंभ के मौके पर दीघा के विधायक संजीव चौरसिया उपस्थित रहेंगे। ड्रोन शो आसमान में 200 फीट की ऊंचाई पर दिखाया जाएगा। शो के दौरान विविध कलाकृतियां पटना के लोगों का मन मोहित करेंगी। ड्रोन शो में 1,000 स्मॉल नैनो कैटेगरी के ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है, जो पूर्ण रूप से भारत की कंपनी ने डिजाइन और मैन्युफैक्चर किया है।

### केरल विधानसभा समिति ने आईटी पार्कों में पब खोलने को दी मंजूरी

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के कड़े विरोध के बीच, केरल विधानसभा समिति ने राज्य में आईटी पार्कों में पब खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के मुताबिक, 6 जून को आदर्श आचार संहिता खत्म हो रही है। इसके बाद केरल सरकार आईटी पार्कों में पब खोलने को हरी झंडी दे देगी। राज्य में तिरुवनंतपुरम, कोच्चि और कोझिकोड में तीन प्रमुख आईटी पार्क हैं। इसके अलावा कोल्लम में दो छोटे और एनार्कुलम जिले में एक पार्क है। शुरूआत में प्रत्येक पार्क में एक पब होगा। इसे प्रमोटर या किसी व्यक्ति द्वारा सरकार से इजाजत लेकर चलाया जा सकता है। विधानसभा समिति का हिस्सा रहे वरिष्ठ कांग्रेस विधायक तिरुवंचूर राधाकृष्णन ने कहा कि उन्होंने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि अब वे कहते हैं कि हर आईटी पार्क में एक पब होगा। इन पार्कों में काम करने वाले पेशेवरों की युवा जनरेशन के लिए यह अच्छा नहीं होगा। हम विधानसभा के अंदर और बाहर इसका विरोध करेंगे। सत्तारूढ़ वाम मोर्चा के पास समिति में बहुमत था, इसलिए उन्होंने प्रस्ताव पारित कर दिया।

### असम में पुलिस हिरासत में व्यक्ति की मौत, दो पुलिसकर्मी निलंबित

**गुवाहाटी।** असम के उत्तरी लखीमपुर जिले में एक व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। इस मामले में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जिले के दक्षिण चांदमारी इलाके में मोबाइल फोन चोरी के संदेह में पुलिस ने अरबाश अली (42) को हिरासत में लिया था। इसके बाद कथित तौर पर उसकी पुलिस हिरासत में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, वह इलाके में मोबाइल फोन चोरी का रैकेट चला रहा था। खेल्मती पुलिस चौकी में लाए जाने के बाद अली बीमार पड़ गया और गुरुवार को उसकी मौत हो गई। असम के डीजीपी जीपी. सिंह ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही खेल्मती पुलिस चौकी के प्रभारी सहित दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि एडिशनल एसपी बिश्वनाथ ने स्वतंत्र जांच के आदेश दिए हैं। कानून के सभी अनिवार्य प्रावधानों और एनएचआरसी/एएचआरसी के आदेशों का पालन किया जा रहा है।

# स्वाति मालीवाल के पूर्व पति ने केजरीवाल का नार्को टेस्ट कराने की मांग की



**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के पूर्व पति नवीन जयहिंद ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नार्को टेस्ट कराए जाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने स्वाति मालीवाल के साथ हुई पिटाई को आम आदमी पार्टी में जारी मौजूदा घमासान से जोड़ा। प्रेसवार्ता के दौरान नवीन जयहिंद ने कहा, आम आदमी पार्टी में राजनीतिक घमासान अपने चरम पर पहुंच चुका है। आप में वर्चस्व की लड़ाई तेज हो चुकी है। जिस तरह से जेल जाने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को आगे कर पार्टी की कमान सौंपी, उससे यह साफ जाहिर होता है कि अब पार्टी की स्थिति ठीक नहीं है, क्योंकि संजय सिंह और आतिशी को लगा था कि केजरीवाल के जेल जाने के बाद वो पार्टी को अपने कब्जे में कर लेंगे, लेकिन केजरीवाल ने उनके अरमानों पर पानी फेरते हुए जिस तरह से अपनी पत्नी को आगे कर पार्टी की कमान सौंपी, उसे आप में ही कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर रहे हैं। स्वाति के पूर्व पति ने कहा, पहले संजय सिंह ने मीडिया के सामने प्रेसवार्ता कर यह स्वीकार किया था कि स्वाति मालीवाल के साथ गलत हुआ है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन इस घटना के अगले ही दिन आरोपी बिभव कुमार संजय सिंह और केजरीवाल के साथ नजर आया था और इस बारे में जब संजय सिंह से सवाल किया गया तो वो किनारा कर गए। इससे साफ जाहिर होता है कि दाल में जरूर कुछ काला है। स्वाति के पूर्व पति ने मीडिया के सामने जोर दिया कि अगर हम इस मामले की सच्चाई की तह तक जाना चाहते हैं, तो मेरी मांग है कि केजरीवाल का नार्को टेस्ट कराए जाय, ताकि पूरी स्थिति स्पष्ट हो सके। नवीन जयहिंद ने कहा, इसी आम आदमी पार्टी के नेता पहले स्वाति मालीवाल के नाम तारीफों के पुल बांधा करते थे, लेकिन आज यही लोग स्वाति के बारे में उल्टा-सीधा बोल रहे हैं, कह रहे हैं कि स्वाति बीजेपी की एजेंट है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। आज जब स्वाति इनके ही लोगों की पोल खोल रही है, तो ये लोग इस स्थिति को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। नवीन जयहिंद ने कहा, मैं स्वाति का पक्ष नहीं ले रहा हूं, बल्कि बातों को तथ्यात्मक रूप से सही तरह पेश कर रहा हूं। मैं अरविंद केजरीवाल को आज से नहीं, बल्कि साल 2007 से जानता हूं। मैं उनकी रगों से वाकिफ हूं। नवीन जयहिंद ने इस बात पर जोर दिया कि आम आदमी पार्टी लगातार स्वाति को बीजेपी का एजेंट बता रही हैं, तो मैं अब यह सवाल करना चाहता हूं कि क्या संजय सिंह भी बीजेपी के एजेंट हैं और मेरा यह सवाल वाजिब है, क्योंकि एक तरफ जहां सिसोदिया को अभी तक जमानत नहीं मिली है। वहीं, संजय सिंह को जमानत मिल चुकी है।

# दिल्ली के मतदाताओं से सोनिया गांधी ने की भावुक अपील



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होने हैं। इनमें दिल्ली की सातों लोकसभा सीट भी शामिल है। छठे चरण में जिन-जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होने हैं, वहां गुरुवार शाम 6 बजे के बाद चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। दिल्ली की सातों सीटों पर मतदान के पहले कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मतदाताओं से खास अपील की है। उनका एक वीडियो संदेश जारी किया गया है। इस वीडियो में उन्होंने कहा, मेरे प्यारे दिल्ली वासियों, यह एक बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। यह लोकसभा चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव बेरोजगारी, महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण जैसे मुद्दों पर लड़ा जा रहा है। आपको इस लड़ाई में अपनी भूमिका निभानी है। उन्होंने आगे कहा, आपका हर एक वोट रोजगार बनाएगा, महंगाई कम करेगा, महिलाओं को सशक्त करेगा और एक सुनहरे भविष्य में समता और बराबरी का भारत बनाएगा। मैं आपसे अपील करती हूं कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर भारी मतों से विजयी बनाएं। बता दें कि दिल्ली में सभी सातों सीटों पर 25 मई को मतदान होगा।

# अखिलेश यादव की रैली में दिखे राजा भैया की पार्टी के झंडे, बोले- 'जो लोग थे नाराज, वो आ गए साथ'



**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार को प्रतापगढ़ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए बिना रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का नाम लिए कहा कि हमें चारों तरफ से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का समर्थन मिल गया है। आम आदमी पार्टी (आप) का भी समर्थन मिल गया है। जो लोग थोड़ा बहुत नाराज रहते थे, वो लोग भी आज साथ आ गए हैं। इस दौरान रैली में काफी संख्या में राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के कार्यकर्ता भी झंडा लेकर पहुंचे थे। राजा भैया के समर्थकों ने सपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। अखिलेश यादव ने राजा भैया का नाम लिए बिना कहा कि जो नाराज थे, अब तो उनका भी समर्थन मिल रहा है। यहां के सांसद अब रो रहे हैं। वो इस बार प्रतापगढ़ से लाखों वोटों से हार रहे हैं। दिल्ली वाले यहां इसी मैदान में आए थे। यहां जनता ही नहीं आई। वो सोच रहे थे कि लोग कहां चले गए। उन्हें नहीं पता कि जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि जनता का गुस्सा देखकर यहां भाजपा प्रत्याशी की आंखों से आंसू निकल आए हैं। 10 साल में इनकी हर बात और वादा झूठा निकला। जबसे कांग्रेस और सपा एक हुए तब से दिल्ली और लखनऊ का इंजन आपस में टकरा रहा है। ये लोग जीरो होने जा रहे हैं। लखनऊ और दिल्ली वाले हम लोगों को गुमराह कर रहे हैं। धोखा दे रहे हैं। याद है, सपा सरकार में हम लोगों ने लैपटॉप दिया था। उसकी नकल करने के बाद इस सरकार ने उसे छोटा कर दिया है। इतना छोटा कि उसमें उंगली घिसते रहिए, वो चलता ही नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने एंबुलेंस दी थी, इन्होंने एंबुलेंस तो खराब कर दी। साथ ही अस्पताल की व्यवस्था भी खराब कर दी। दिल्ली वालों ने कभी भी ऐसा कोई अस्पताल नहीं बनाया, जहां फ्री इलाज मिल सके। हमने 100 नंबर वाली पुलिस बनाई, गाड़ी दी थी। इन्होंने उसका नाम बदल दिया। सपा मुखिया ने कहा कि यह लोग शहजादे-शहजादे करते हैं। यही शहजादे शह भी देंगे और मात भी। दिल्ली वालों ने दिल्ली में अपना सामान बांध लिया है। अब जनता इनसे अपने वोटों के माध्यम से हिसाब-किताब करने जा रही है। जब कोई इनसे इलेक्टोरल बॉन्ड के बारे में पूछता है तो उसका जवाब नहीं देते हैं, इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनके भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी है। केंद्र में हमारी सरकार बनेगी तो जो 30 लाख नौकरियां खाली हैं, वो भरी जाएंगी, साथ ही साथ अग्निवीर की नौकरी को खत्म करने का काम किया जाएगा।

# ऑनलाइन ठगी करने वाले तीन शातिर पुलिस ने किए गिरफ्तार



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन थाना पुलिस और साइबर टीम ने मिलकर चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ताहिरपुर कट के पास से तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लैपटॉप, विभिन्न कंपनियों के एक्टिवेट 180 सिम कार्ड और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बृहस्पतिवार को थाना शालीमार गार्डन पुलिस और साइबर टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर ताहिरपुर कट के पास से तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, जो भारती एक्सा प्राइवेट लिमिटेड इंश्योरेंस कंपनी के नाम पर ऑनलाइन सोशल नेटवर्किंग साइट के जरिए धोखाधड़ी करते थे और फर्जी तरीके से अपने खातों में रुपए ट्रांसफर कर लेते थे। यह गिरोह एक्टिवेट किए गए विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड को भी विदेश में बैठे साइबर ठगों को बेचने का काम करता था। इन साइबर ठगों से ठगी में इस्तेमाल किए जाने वाला एक लैपटॉप, विभिन्न कंपनियों के 180 एक्टिव सिम कार्ड और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार ठगों के नाम अमित राठौर, विनय कुमार हापुड़, संजीव हिसार हरियाणा का है। पुलिस की पूछताछ में इन साइबर ठगों ने बताया कि वह एक्टिवेट सिम को साइबर धोखाधड़ी करने वाले विदेश में बैठे विभिन्न साइबर ठगों को बेचकर मोटा धन कमाते हैं। यह गिरोह अपने लैपटॉप के माध्यम से फर्जी कंपनी बनाकर ऑनलाइन सोशल नेटवर्किंग साइट के जरिए संपर्क करके सिम बेचते हैं। एक व्यक्ति इन अवैध एक्टिव सिम कार्ड को आज लेने आने वाला था उसी के इंतजार में यहां खड़े थे लेकिन पुलिस द्वारा पकड़ लिए गए।

# राहुल गांधी के महिला संवाद कार्यक्रम में आई महिलाओं ने कहा- महंगाई, बेरोजगारी से राहत जरूरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंगोलपुरी में महिला संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं राहुल गांधी को सुनने पहुंचीं। आईएएनएस से बातचीत में इन महिलाओं ने कहा कि वह चाहती हैं कि देश में राहुल गांधी की सरकार बने। महिलाओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस की तारीफ करते हुए कहा कि आज देश में बेरोजगारी बढ़ गई है, महंगाई चरम पर पहुंच गई है, इसलिए हम चाहते हैं कि कांग्रेस की सरकार आए ताकि आम जनता को राहत मिले। कार्यक्रम में शामिल होने आई एक महिला ने कहा कि हम यहां राहुल गांधी के समर्थन में आए हैं। राहुल गांधी से हमें उम्मीद है, हम चाहते हैं कि देश में कांग्रेस की सरकार आए, महंगाई कम हो, हमारा इन्हें पूर्ण समर्थन है। एक महिला बाला शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी से हमें बहुत उम्मीद है, कांग्रेस ने ही अब तक हमारी मदद की है। कार्यक्रम में शामिल एक दूसरी महिला सोनिया का कहना है कि देश में महंगाई तेजी से बढ़ रही है। रसोई गैस सिलेंडर की कीमत बारह सौ रुपए तक पहुंच गई है। आटा, तेल तक की कीमतें आसमान छू रही हैं। हर तरफ बेरोजगारी है, इसलिए हम चाहते हैं कि कांग्रेस सत्ता में वापसी करे। हम चाहते हैं कि राहुल गांधी की सरकार बने और महंगाई से राहत मिले, बेरोजगारों को रोजगार मिले। नई दिल्ली की रहने वाली रीता कहती हैं कि हम लोग कांग्रेस को जिताना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि दिल्ली में सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत हो। राहुल गांधी की सरकार बनने के बाद सभी महिलाओं के खाते में हर साल एक लाख रुपए आएंगे। हमें कांग्रेस से उम्मीद है, आजादी के बाद से देश के लिए सिर्फ कांग्रेस ने ही काम किया है। हम चाहते हैं कि राहुल गांधी की सरकार बने ताकि हर घर के एक सदस्य को नौकरी मिले। सभी की तरक्की हो, महिलाओं के साथ अन्याय न हो। महिला संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह राज्यसभा, लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को जगह देंगे। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि इन संस्थानों में 50 प्रतिशत महिलाएं हों। महिलाओं को सरकारी नौकरियां में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। जब तक महिलाओं को भागीदारी नहीं मिलेगी तब तक यह देश प्रगति नहीं कर सकता। महिलाओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि महिला और पुरुष दोनों ही काम पर जाते हैं, लेकिन जब महिला घर लौटती है तो उसकी दूसरी शिफ्ट शुरू हो जाती है। वह बच्चों को पालती हैं, बच्चे बीमार हों तो उनकी देखभाल करती हैं। घर में खाना बनाती है, सबका ध्यान रखती हैं और इसके लिए महिलाओं को कभी कुछ नहीं दिया जाता। वह एक प्रकार से यह सब कुछ फ्री में करती हैं। उन्होंने कहा कि यह सच्चाई है कि यदि हिंदुस्तान के पुरुष 8 घंटे काम करते हैं तो महिलाएं 16 घंटे काम करती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं और पुरुषों में पैसे खर्च करने का तरीका अलग-अलग है। महिलाएं पैसे बचाती हैं, बच्चों के बारे में सोचती हैं, आगे की प्लानिंग करती हैं। महिलाओं की फाइनेंसियल सोच पुरुषों के मुकाबले बेहतर है। राहुल ने कहा कि कहना नहीं चाहिए लेकिन बहुत सारे परिवारों में यदि पुरुष को पैसा दो तो वे शराब पी जाते हैं। महिलाओं के ये जो 8 घंटे हैं, सरकार उसके लिए महिलाओं को पैसा देगी। हम नहीं चाहते कि आप फ्री में काम करो, इसलिए हम महालक्ष्मी योजना लाए हैं। महालक्ष्मी योजना में 8500 रुपए प्रति माह यानी एक लाख रूपए साल के महिलाओं के अकाउंट में जाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली महिलाओं को यह लाभ मिलेगा। इसके पीछे सोच यह है कि यदि आप परिवार को फाइनेंशियली मजबूत बनाना चाहते हो तो यह काम महिलाएं कर सकती हैं। दूसरी बात यह है कि आप फ्री में काम करती हो, हमारी सरकार यह नहीं चाहेंगी कि आप फ्री में काम करो। तीसरी बात यह है कि यदि महिलाओं को पैसा दिया गया तो वे दूरदृष्टि के साथ सोचेंगी। उन्होंने कहा हम जानते हैं कि महिलाओं की आवाज दबाई जाती है। घर में दबाई जाती है, समाज में दबाई जाती है, सड़कों पर आपको डराया जाता है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने संसद में धूमधाम से महिला आरक्षण विधेयक पास किया। लेकिन इसके बाद कह दिया कि इसे 10 साल बाद लागू करेंगे। सर्वे होगा उसके बाद लागू करेंगे। राहुल ने कहा कि ये लोग सर्वे ही नहीं करेंगे।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





● नई दिल्ली।।शुक्रवार 24 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

## पार्षद सुधीर की गिरफ्तारी पर दूसरे दिन भी कमिश्नरेट की सड़क पर प्रदर्शन और नोकझोंक

# पुलिस ने कमिश्नर के घर जाने से रोका तो धरने पर बैठे पार्षद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के मोहन नगर क्षेत्र के पार्षद सुधीर कुमार की गिरफ्तारी का मामला गाजियाबाद में शांत नहीं हो रहा है। बुधवार को हाई वोल्टेज हंगामा होने के बाद गुरुवार को भी मामला शांत नहीं हुआ। गुरुवार को सुबह करीब 11 बजे नगर निगम मुख्यालय पर बड़ी संख्या में नगर निगम के पार्षद जमा हुए। वहां से पार्षदों का दल पुलिस ऑफिस कमिश्नरेट पहुंचा। जहां उन्होंने एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना से वातालांप की। यहां वार्तालाप में दो दिन के समय और पूरे मामले की जांच के बाद पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और मुकदमे की बात पर सहमति बनी लेकिन पार्षद इस बात अड़े हुए थे कि सुधीर को रिहा किया जाए। रिहाई नहीं होने से गुस्साए पार्षद दोबारा से मुलाकात करने के लिए पुलिस कमिश्नर अजय के आवास की ओर कूच करने लगे तो कवि नगर, सिहानी गेट थाना पुलिस और वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने पार्षदों को रोक लिया। पार्षदों ने रोके जाने का विरोध किया और वह धरने प्रदर्शन पर हापुड़ रोड पर ही बैठ गए। सड़क जाम कर दी, पुलिस के अधिकारियों ने धरने पर बैठे पार्षदों को समझाने बुझाने का काम किया लेकिन पार्षदों को आरोप था कि उनके साथ जिस तरीके का व्यवहार किया जा रहा है ,जिस तरीके से पार्षद को जेल भेजा गया है, यह कतई भी वह सहन नहीं करेंगे। इस दौरान पार्षदों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। जिसके बाद थाने और पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

**सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक चला हाई वोल्टेज प्रदर्शन**









## पुलिस की भाजपा विरोधी कार्रवाई है पार्षद को जेल भेजना : प्रवीण चौधरी

**‘परिवार की मुखिया होने के नाते मेयर साहब का पार्टी के पार्षद के प्रति स्टैंड एकदम सही है।’**

करंट क्राइम। भाजपा पार्षद को जेल भेजने का मामला लगातार गर्माता जा रहा है। मेयर सुनीता दयाल इस प्रकरण में जहां पूरी तरह पार्षदों के साथ दिख रही है। वहीं लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने अपने तीखे तेवरों से पार्षद की गिरफ़्तारी के खिलाफ पुलिस को निशाने पर लिया है। वही अब इस मामले में भाजपा के सीनियर पार्षद व पूर्व नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने भी मेयर सुनीता दयाल का समर्थन किया है। श्री चौधरी का कहना है कि परिवार की मुखिया होने के नाते मेयर साहब का पार्टी के पार्षद के प्रति स्टैंड एक दम सही है। इस पूरे मामले में पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई की है। न्यायालय के भी निर्देश है कि इस तरह के मामलों में दोनों पक्षों की जाँच करने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाये। प्रवीण चौधरी ने कहा कि पुलिस की ये कार्रवाई पूरी तरह से भाजपा विरोधी है। कुछ भाजपा विरोधी मानसिकता के अधिकारी पार्टी के लोगों पर मुकदमा ठोंकने में देर नहीं लगाते।





## जब पार्षद यशपाल पहलवान ने की पुलिस कमिश्नर से फोन पर बात

**करंट क्राइम :** भाजपा के पार्षद सुधीर कुमार की गिरफ्तारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ नगर निगम में अन्य दलों के पार्षद भी समर्थन में सड़क पर उतर आए हैं। गुरुवार को भी सड़क पर पार्षदों ने प्रदर्शन किया। तो वहीं इस दौरान जब पार्षद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र के आवास की ओर जाने पर अड़े थे उन्हें रोक लिया गया। गुस्साए पार्षद धरने पर बैठ गए। इस दौरान पार्षद यशपाल पहलवान ने पुलिस कमिश्नर से फोन पर बातचीत की। जिसमें उन्हें जवाब दिया गया कि अभी अजय मिश्र की तबीयत खराब है। दो दिन बाद का समय पार्षदों को पुलिस कमिश्नर से मिलने के लिए दिया गया है। वहीं पर आगे की बात होगी।

## धरने के बाद मेयर आवास पर हुई पार्षदों की हाई वोल्टेज बैठक

करंट क्राइम : गुरुवार को महापौर सुनीता दयाल से बड़ी संख्या में पार्षद मुलाकात करने के लिए पहुंचे थे। यहां मेयर सुनीता दयाल के आवास पर पार्षदों के साथ हाई लेवल मीटिंग हुई। सूत्र बता रहे हैं कि महापौर सुनीता दयाल इस पूरे मामले में पार्षद सुधीर के साथ नजर आ रही हैं। बैठक के दौरान पार्षदों ने भी मेयर के सामने पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में अपनी बात रखी। इस दौरान पार्षदों ने कहा कि सुधीर की गिरफ्तारी के मामले में किसी भी जनप्रतिनिधि ने पार्षदों की सुध नहीं ली। यह बात बहुत ही जिम्मेदारी वाली है।



## पुलिसकर्मियों पर अभी नहीं होगा कोई एक्शन, पहले होगी जांच : एडिशनल सीपी



करंट क्राइम : गुरुवार को बड़ी संख्या में नगर निगम के पार्षद पुलिस ऑफिस में जमा हुए। यहां उनकी मुलाकात एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना से हुई। आईपीएस कल्पना सक्सेना ने कहा कि इस पूरे मामले में उन्हें पार्षद सुधीर की पत्नी स्वाति की ओर से शिकायत मिली है। उनका आरोप है कि उनके पति को भी जाति सूचक शब्द कहे गए थे। पुलिस ने वह शिकायत लेली है। उसकी जांच कराई जा रही है। फिलहाल पुलिस के अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि अभी साहिबाबाद थाना प्रभारी, मोहन नगर चौकी प्रभारी और एसीपी साहिबाबाद पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो सकती है। हवाला दिया गया है कि अभी आचार संहिता लगी हुई है। उन पर पुलिस कोई एक्शन नहीं ले पाएगी ,हालांकि अधिकारी इस पूरे मामले में जांच की बात कर रहे हैं और एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना ने भी परसों तक का पार्षदों को वेट करने का भरोसा दिया है।

## यह था पूरा मामला

**करंट क्राइम।** राम उदगम यादव और सीता देवी गाजियाबाद में वर्ल्ड स्कॉयर मॉल की सर्विस रोड पर खोखे में कोल्ड ड्रिंक, पानी बोतल, नमकीन बेचते हैं। सीता के मुताबिक, 19 मई की रात पार्षद सुधीर कुमार, उनके भाई संदीप कुमार आए। उन्होंने कुछ सामान खरीदा और पैसे नहीं दिए। मैंने पैसे मांगे तो पार्षद ने फोन करके अपने कुछ समर्थक बुलवा लिए। उन सभी ने खोखे को तहस-नहस कर डाला और हमारे साथ मारपीट करते हुए तीन हजार रुपए लूटकर ले गए। सीता की शिकायत पर थाना साहिबाबाद पुलिस ने गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी पार्षद सुधीर कुमार को 21 मई को गिरफ्तार कर लिया और भेजा।

## जमकर हुई पुलिस और पार्षदों के बीच कहासुनी, पार्षदों ने कहा हम जनसेवक हैं आतंकी नहीं






**करंट क्राइम :** पार्षद सुधीर कुमार की गिरफ्तारी का मामला गाजियाबाद में इन दिनों सबसे हॉट न्यूज बन चुका है। गुरुवार को पार्षद यशपाल पहलवान, मनोज पाल, विजेंद्र चौहान, हिमांशु शर्मा, मनोज गोयल, शीतल चौधरी, पूनम सिंह, राजीव भाटी, अजय शर्मा, प्रदीप चौहान पार्षद पति, आशीष चौधरी, भूपेंद्र उपाध्याय, हिमांशु चौधरी, शशि खेमका, देवनारायण शर्मा, ओम प्रकाश, धीरेंद्र यादव उर्फ बिल्लू, विदित दत्त, संजय राणा, गौरव सोलंकी, नरेश भाटी, अभिनव जैन, उदित मोहन, राधेश्याम त्यागी, फहीम चौधरी, जय किशन पाल, नीरज गोयल, धीरज अग्रवाल, अनुज त्यागी, ओमपाल भाटी, प्रदीप कुमार उर्फ मुलायम सहित अन्य पार्षद बड़ी संख्या में गिरफ्तारी के विरोध और पुलिस कमिश्नर से मिलने के लिए पहुंचे थे। लेकिन जैसा सीन बुधवार को हुआ वैसा ही मामला गुरुवार को भी रहा। गुरुवार को गुस्साए पार्षद सड़क पर बैठ गए और आईएमटी के सामने हापुड़ रोड पर पार्षदों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क पर ही पार्षद बैठ गए। इसके बाद रोड पर लंबा जाम लग गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ ही एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र कुमार, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह, एसीपी क्राइम अजित रजक, एसीपी कोतवाली प्रियाश्री पाल, एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा, एसीपी सलोनी अग्रवाल, थाना प्रभारी कवि नगर योगेंद्र मलिक, थाना प्रभारी सिहानी गेट रविंद्र, एसएचओ मसूरी नरेश शर्मा, इंस्पेक्टर क्राइम नरेश सिंह बड़ी संख्या में चौकी और थाने का फोर्स महिला उपनिरीक्षक यहां पहुंच गए। पुलिस बल ने नोकझोंक करते हुए भाजपा पार्षद जो प्रदर्शन कर रहे थे उनको रोकने का प्रयास किया गया।

इस दौरान पुलिस और पार्षदों के बीच कई बार कहासुनी और नोकझोंक की भी स्थिति आई। इस मौके पर पार्षद शीतल चौधरी ने कहा कि वह जनसेवक हैं, पुलिस उनके साथ आतंकवादियों जैसा सलूक कर रही है, जो ठीक नहीं है।

## पुलिस पार्षदों के साथ नहीं कर रही है ठीक बर्ताव : मनोज गोयल



करंट क्राइम : पार्षद पति और पूर्व पार्षद मनोज गोयल का कहना है कि इन दिनों पार्षद सुधीर की गिरफ्तारी के मामले में पार्षदों के साथ जिस तरीके का रवैया पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा किया जा रहा है, वह ठीक नहीं है। पुलिस द्वारा पार्षदों को बेवजह पुलिस कमिश्नर से मिलने के लिए रोका जा रहा है।

## क्या वजह है जो पुलिस कमिश्नर पार्षदों से नहीं कर रहे हैं मुलाकात : हिमांशु चौधरी



करंट क्राइम : पार्षद हिमांशु चौधरी का कहना है कि इस मामले में पुलिस पार्षदों को पुलिस कमिश्नर से मिलने क्यों नहीं दे रही है। ऐसा क्या कारण है जो पार्षदों को कमिश्नर से मिलने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से बीते दो दिनों से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी पार्षदों को रोक रहे हैं यह ठीक नहीं है।

## सारे पार्षद साथ हैं ,यह सबकी लड़ाई है : धीरेंद्र यादव उर्फ बिल्लू



करंट क्राइम : पार्षद धीरेंद्र यादव उर्फ बिल्लू का कहना है कि इस पूरे प्रकरण को सभी पार्षदों की लड़ाई समझा जाए। यह भारतीय जनता पार्टी या किसी अन्य दल का विषय नहीं है। सदन में पार्षद पार्षद होता है और पार्षद सुधीर के साथ जिस तरीके का सलूक और गंभीर धाराओं में पुलिस ने केस दर्ज किया है यह ठीक नहीं है।

# दैनिक करंट क्राइम की खबर पर पुलिस कमिश्रेरेट गौतमबुद्धनगर ने लिया संज्ञान

# यातायात कर्मियों को बांटी गर्मी से राहत वाली किट

**यूपी के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने भी अधिकारियों से की थी अपील कर्मचारियों को लेकर इस ओर भी दिया जाए ध्यान**

गाजियाबाद, करंट क्राइम : दैनिक करंट क्राइम अपनी खबरों के जरिये लोगों व पाठकों के दिलों में जगह बनाता है। यहीं विश्वास व जनसामान्य के अलग-अलग मुद्दों पर सकारात्मक पत्रकारिता ही टीम करंट क्राइम की ताकत भी है। बीते 2 दिन पूर्व दैनिक करंट क्राइम ने खबर प्रकाशित की थी कि 45 डिग्री टेंपरेचर में यातायात पुलिसकर्मी गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अलग-अलग जोन और चौराहों पर अपनी ड्यूटी दे रहे हैं। उनके पास भीषण गर्मी से बचने के लिए ट्रैफिक बूथ खत्म हो चुके हैं। तो वह गर्मी झेलने को परेशान हैं। वहीं जब वह अपनी ड्यूटी से थक जाते हैं और गर्मी और लू उनको परेशान करती है, तो वह पेड़ों की छांव और सड़क किनारे लगने वाली छोटी दुकानों के खोखे तलाश करते हैं। इन दिनों दिल्ली-एनसीआर में भीषण गर्मी पड़ रही है। दैनिक करंट क्राइम में प्रकाशित इस खबर को पर उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने भी संज्ञान लिया था। उन्होंने इस खबर को ट्वीट करते हुए पुलिसकर्मियों के द्वारा भीषण गर्मी में ड्यूटी करने के फैसले की तारीफ की थी। वहीं अधिकारियों को इंगित किया था कि वह इस ओर ध्यान दें कि परेशान हाल पुलिसकर्मी गर्मी में अपना बचाव कैसे करें ताकि वह बीमार ना पड़े। साथ ही इस विषय पर खबर प्रकाशित होने पर सराहना की थी। दैनिक करंट क्राइम की इस खबर का पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्धनगर के अधिकारियों ने संज्ञान लिया और वहां की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने एक एनजीओ की मदद से लगभग 500 से अधिक पुलिस कर्मियों को गर्मी से राहत देने वाली किट प्रदान की। जिसमें थर्मोस्टील वाटर बोतल, चश्मा, मास्क, इलेक्ट्रांल पाउडर व ग्लूकॉडी एलर्जी ड्रिंक के साथ ही गर्मी से बचाव के नियम वाली जानकारी भी मुहैया कराई गई थीं।


45 डिग्री वाली भीषण गर्मी में कर रहे हैं ट्रैफिक पुलिसकर्मी यातायात का संचालन

करंट क्राइम
खबर का असर



## पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद कब लेगी एक्शन

करंट क्राइम : दैनिक करंट क्राइम की खबर का पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर ने संज्ञान ले लिया है। वहीं पुलिस पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर ने संज्ञान लेकर अपने मानवीय चेहरे को भी प्रदर्शित किया है। भीषण गर्मी में वहां पर भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी प्रतिदिन अलग-अलग स्थान पर ड्यूटी दे रहे थे। पुलिसकर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

वह स्वस्थ रहें और धूप से अपना बचाव कर सकें। इसके लिए उनको मास्क, चश्मा ग्लूकोज और एलर्जी ड्रिंक उपलब्ध कर गए ताकि वह स्वस्थ रहें और अपनी ड्यूटी को ठीक प्रकार से अंजाम दे पाएं। वहीं पर अब सवाल है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद कब अपने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के विषय में प्रकाशित इस खबर पर संज्ञान लेती है। उनको सुरक्षा कवच से लेकर गर्मी से बचाव वाली किट वितरित की जाती हैं।





## संपादकीय

# 39 वन्यजीवों की मौत पर लापरवाही!

कोई सा भी पक्षी हो उड़ते हुए हेलिकॉप्टर या हवाई जहाजों के लिए सबसे खतरनाक माना जाता है। अगर कोई पक्षी किसी विमान के डैनों से टकरा जाए या उसके प्रोपेलर के भीतर चला जाए तो विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा रहता है। इसलिए हवाई अड्डों के आसपास पंक्षियों के आवागमन पर हर समय नजर रखी जाती है। मुंबई के एक पक्षी विहार इलाके में कथित रूप से हवाई जहाज की चपेट में आकर चालीस राजहंस यानी फ्लेमिंगो की मौत हो गई। इसे लेकर पक्षी और पर्यावरण प्रेमियों में रोष स्वाभाविक है मगर यह समझना थोड़ा मुश्किल है कि इतने राजहंस किसी विमान की चपेट में आए कैसे। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि राजहंसों का झुंड मुंबई से गुजरात लौट रहा था और विमान की चपेट में आ गया। अगर इसमें सच्चाई है, तो यह न केवल उस पक्षी विहार में विचरने वाले राजहंसों के लिए खतरे की बात है, बल्कि उस तरफ से गुजरने वाले विमानों के लिए भी गंभीर खतरा है।

आमतौर पर हवाई अड्डों के आसपास के इलाकों में पंक्षियों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। हवाई पट्टियों के आसपास पक्षियोंको भगाने के लिए लगातार पटाखे चलाए जाते हैं। हवाई अड्डों के आसपास पक्षियों के आवागमन पर हर समय नजर रखी जाती है। यों तो हवाई पट्टी से उठने के बाद विमान कुछ सेकेंड के भीतर ही इतनी ऊंचाई ले लेते हैं, जहां तक पक्षियों की उड़ान क्षमता नहीं होती। यही नियम विमान उतरते समय भी लागू होता है। राजहंसों की उड़ान कुछ ऊंची जरूर होती है, मगर इतनी ऊंची नहीं कि वे हवाई उड़ान की परिधि को छू लें। फिर हैरानी की बात है कि मुंबई हवाई यातायात प्रबंधन से जुड़े लोगों को इस बात की आशंका क्यों नहीं थी कि उस इलाके में उड़ते हुए राजहंसों का झुंड पहुंच सकता है।

इस मामले में दूसरी आशंकाओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि पक्षी विहार के प्रबंधन में ही कोई खामी हो या पक्षी किसी बीमारी की चपेट में न आ गए हों। हालांकि अभी पक्षियों के शव परीक्षण के बाद ही हकीकत पता चल सकेगी मगर इस तरह वन्यजीवों के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही चिंता का विषय है।

## भुगतान सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए पेटीएम ने शुरू किया नया विज्ञापन अभियान

**नई दिल्ली।** प्रमुख भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम की मालिक वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने गुरुवार को कंपनी के विश्वसनीय भुगतान उत्पादों और अनुभव को प्रदर्शित कर यूजर्स के जुड़ाव को बढ़ाने के लिए एक नया विज्ञापन अभियान शुरू किया। यह अभियान यूपीआई मनी ट्रांसफर, स्कैन और पे, अग्रणी साउंड बॉक्स, पेटीएम यूपीआई लाइट वॉलेट, यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड, रिचार्ज और बिल भुगतान के साथ-साथ पेटीएम ऐप पर उपलब्ध अन्य भुगतान उपकरणों को बढ़ावा देता है। यह रिकवरी के लिए पेटीएम के प्रमुख फोकस क्षेत्रों को दशार्ता है। ये अब आगे बढ़ते हुए पेटीएम के भुगतान जीएमवी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनेंगे। उदाहरण के लिए, यूपीआई जो पहले पेटीएम के भुगतान जीएमवी में 70 प्रतिशत का योगदान देता था, अब जीएमवी में 80 से 85 प्रतिशत का योगदान दे रहा है।

# बाजार ने अदाणी समूह से जुड़ी नकारात्मक खबरों को किया खारिज, मार्केट कैप बढ़ना जारी



**नई दिल्ली।** बाजार का भरोसा अदाणी समूह के शेयरों में बरकरार है। पिछले एक साल में समूह के बाजार पूंजीकरण में लगातार वृद्धि से पता चलता है कि आरोपों के बावजूद, निवेशकों ने अदाणी समूह की कंपनियों में विश्वास जताया है। अदाणी समूह के बाजार पूंजीकरण में लगातार नौवें दिन बढ़त जारी रही। समूह का बाजार पूंजीकरण बुधवार को 16.5 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया, पिछले नौ कारोबारी सत्रों में इसमें 10.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह तेजी उस दिन भी जारी रही जब लंदन स्थित फाइनेंशियल टाइम्स ने जॉर्ज सोरोस समर्थित ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) के दस्तावेजों का हवाला देते हुए एक रिपोर्ट में अदाणी समूह पर धोखाधड़ी करने और वर्ष 2013 में तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को उच्च मूल्य वाले ईंधन के रूप में निम्न श्रेणी का कोयला बेचने का आरोप लगाया।

### पिछले एक साल में बाजार का पूंजीकरण 56.6% बढ़ा

इससे पता चलता है कि बाजारों ने डउउफ्ढ और फाइनेंशियल टाइम्स की ओर से समूह के बारे में की गई रिपोर्ट को खारिज कर दिया है ओर बाजार का भरोसाअदाणी समूह के शेयरों में बरकरार है। पिछले एक साल में समूह के बाजार पूंजीकरण में लगातार वृद्धि से पता चलता है कि आरोपों के बावजूद, निवेशकों ने अदाणी समूह की कंपनियों में विश्वास जताया है। पिछले साल समूह का बाजार पूंजीकरण 56.6 फीसदी बढ़ा है और इसका प्रदर्शन व्यापक बाजार निफ्टी से बेहतर रहा है जिसमें इस अवधि में 23.3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। यह तीसरी बार है जब दो विदेशी मीडिया प्लेटफार्मों ने समूह पर नकारात्मक रिपोर्ट प्रकाशित की है।

### विपक्ष ने कथित गड़बड़ियों की संयुक्त समिति से जांच की मांग की

इस बीच अदाणी समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया और नवीनतम रिपोर्ट के समय पर सवाल उठाया जब देश में आम चुनाव चल रहे हैं। ताजा रिपोर्ट 2012-13 के दौरान कोयला आपूर्ति लेनदेन पर आधारित है, जब केंद्र में संप्रग सरकार थी। बाजार इसे भारतीय मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए बाहरी हस्तक्षेप के रूप में देख रहा है। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा और कांग्रेस नेता जयराम रमेश सहित विपक्षी नेताओं ने इस खबर का हवाला देते हुए कथित गड़बड़ियों की संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग की है। हालांकि, अदाणी ग्रुप स्टॉक्स में मजबूती और लचीलापन बताता है कि इन्वेस्टर ग्रुप पर इस प्रकार के हमलों से अप्रभावित हैं और अदाणी समूह पर भरोसा बनाए हुए हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 4 जून को भाजपा व शेयर बाजार दोनों ही नई ऊंचाइयों को छुएंगे : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड तीसरी बार सरकार बनाने की राह पर है और पार्टी की जीत से देश के शेयर बाजार में भी रिकॉर्ड छलांग दिखेगी। पीएम मोदी ने कहा, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 4 जून को भाजपा के रिकॉर्ड आंकड़े छूने के साथ ही शेयर बाजार भी नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि सेंसेक्स 2024 में 2014 के 25,000 अंक से बढ़कर 75,000 हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि निवेशकों ने उनकी सरकार में विश्वास दिखाया है। उन्होंने कहा, 'शेयर बाजार का हम पर जो भरोसा है, वह पिछले एक दशक के उल्लेखनीय प्रदर्शन से जाहिर होता है। जब हमने कार्यभार संभाला था, सेंसेक्स लगभग 25000 प्वाइंट था। आज, यह लगभग 75000 अंक पर है, जो ऐतिहासिक वृद्धि को दशार्ता है। हाल ही में हम पहली बार 5 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप पर पहुंचे हैं। पीएम ने कहा, पिछले 10 वर्षों में, यदि आप डीमैट खातों की संख्या पर एक नजर डालते हैं, तो आप समझेंगे कि नागरिकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास दिखाना कैसे शुरू कर दिया है। म्यूचुअल फंड निवेशकों की संख्या 2014 में 1 करोड़ से बढ़कर आज 4.5 करोड़ हो गई है। परिणामस्वरूप, हमारे पास घरेलू निवेश का व्यापक आधार है। हमारे निवेशक हमारे द्वारा लागू किए गए बाजार-समर्थक सुधारों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। इन सुधारों ने एक मजबूत और पारदर्शी वित्तीय प्रणाली बनाई है, जिससे हर भारतीय के लिए शेयर बाजारों में भाग लेना आसान हो गया है। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अपने अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही पीएम मोदी को भरोसा है कि मतदाताओं ने उनकी पार्टी पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा, इसके विपरीत, विपक्ष की तरफ माहौल बहुत गंभीर और निराशाजनक है। यह दशार्ता है कि हम मौजूदा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करने की राह पर हैं। लोगों को भी इस बात का एहसास है और इसलिए वे कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर अपना वोट बर्बाद नहीं करेंगे जो पहले ही चुनाव हार चुके हैं।

### बाजार के आंकड़ों के अनुसार

निफ्टी 50 इंडेक्स पिछले 10 वर्षों में तीन गुना बढ़ गया, निफ्टी इंडेक्स 2014 में 6,900 पॉइंट से बढ़कर 2024 में 22,700 पॉइंट हो गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण भी 5 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया है और 21 मई को यह नई ऊंचाई पर पहुंच गया। अप्रैल की शुरुआत में, बीएसई का मार्केट कैप 4 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर पर पहुंच गया था।

मार्केट कैपिटलाइजेशन या मार्केट कैप किसी कंपनी के स्टॉक का कुल मूल्य है, जो स्टॉक की कीमत को उसके बकाया शेयरों की संख्या से गुणा करके प्राप्त किया जाता है। देश के सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने के साथ मजबूत जीडीपी विकास पूवार्नुमान, प्रबंधनीय स्तरों पर मुद्रास्फीति, केंद्र सरकार के स्तर पर राजनीतिक स्थिरता और सराहनीय केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीति ने हाल की तिमाहियों में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक उज्ज्वल तस्वीर बनाने में योगदान दिया है। बर्नस्टीन के ताजा शोध के अनुसार, अगर एनडीए सत्ता में वापस आता है तो शेयर बाजार चुनाव के बाद एक अल्पकालिक रैली का अनुभव करेगा। बुनियादी ढांचा, विनिर्माण और घरेलू चक्रीय जैसे क्षेत्रों के नेतृत्व में जाने की उम्मीद है। बेंचमार्क इक्विटी सूचकांकों ने बुधवार के सत्र को सकारात्मक रूप से बंद कर दिया। एनएसई निफ्टी 50 68.74 अंक (0.31 प्रतिशत) बढ़कर 22,597.80 पर पहुंच गया, जबकि बीएसई सेंसेक्स 267.75 अंक (0.75 प्रतिशत) बढ़कर 74,221.06 पर पहुंच गया। बैंक निफ्टी सूचकांक 266.25 अंकों (0.55 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 47,781.95 पर रहा। क्षेत्रवार रियल्टी और एफएमसीजी ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि धातु और वित्तीय सेवाओं में गिरावट देखी गई।

## भारत के निर्यात में रिकॉर्ड बढ़त, रोजगार वृद्धि भी 18 साल के उच्चतम स्तर पर



**नई दिल्ली।** भारत के निर्यात में मई में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इसके साथ ही रोजगार में 18 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि देखी गई है। एचएसबीसी की ओर से गुरुवार को जारी किए गए परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई) के आंकड़ों से ये जानकारी मिली। एसएंडपी ग्लोबल की ओर से तैयार किए गए पीएमआई के आंकड़ों के मुताबिक, निजी क्षेत्र में जुलाई 2010 के बाद तीसरी सबसे ज्यादा तेज बढ़त देखने को मिली है। विनिर्माण उद्योग में बिक्री और उत्पादन में बढ़त जारी है। इस बार सेवा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में ज्यादा बढ़त हुई है। मई के सर्वे में सामने आया है कि निर्यात में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है और साथ ही निजी क्षेत्र की नौकरियां 2006 के बाद सबसे तेजी से बढ़ी हैं, जो कि दिखाता है कि बाजार में व्यापार के लिए माहौल बेहतर बना हुआ है। हालांकि, लागत में इजाफा होने के कारण सेवाओं और सर्विस की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। सर्वे में बताया गया कि मई में हेडलाइन एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स (जो कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के संयुक्त उत्पादन को मासिक आधार पर दशार्ता है) बढ़कर 61.7 हो गया। अप्रैल में ये 61.5 था। यह पिछले 14 वर्षों में हुई सबसे तेज वृद्धि है। रिपोर्ट में बताया गया कि नए काम आने और मांग मजबूत बने रहने के कारण वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, दोनों सेक्टरों से निर्यात में सितंबर 2014 के बाद सबसे ज्यादा तेज वृद्धि दर्ज की गई है।

## दिल्ली में अनसोल्ड घरों की संख्या में आई 57 प्रतिशत की गिरावट : रिपोर्ट



**मुंबई ।** दिल्ली-एनसीआर में ब्रिकी के लिए शेष घरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में 57 प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई है। एक रिपोर्ट में बताया गया कि कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में दिल्ली-एनसीआर में कुल 86,420 यूनिट्स ब्रिकी के लिए शेष रह गए हैं, जिनकी संख्या 2018 की पहली तिमाही में दो लाख के करीब थी। एनारॉक रिसर्च के मुताबिक, इसी अवधि में बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में ब्रिकी के लिए शेष घरों की संख्या में संयुक्त रूप से 11 प्रतिशत की गिरावट हुई है। बीते पांच वर्षों में मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एएमआर) और पुणे में ब्रिकी के लिए शेष घरों की संख्या में 8 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, कोलकाता में बिना बिके घरों की संख्या में बीते पांच वर्षों में 41 प्रतिशत की गिरावट हुई है। एनारॉक ग्रुप के वाइस चेयरमैन संतोष कुमार ने कहा, दिल्ली-एनसीआर में कैलेंडर वर्ष 2018 की पहली तिमाही से लेकर 2024 की पहली तिमाही में करीब 1.81 लाख नए घरों की आपूर्ति हुई है। वहीं, दक्षिण और पश्चिम के बाजारों में क्रमश: 6.07 लाख और 8.42 लाख नए घरों की आपूर्ति हुई है। दक्षिण के बाजारों में ब्रिकी के शेष उपलब्ध घरों की संख्या में कम गिरावट हुई है। इसकी वजह हैदराबाद में नए लॉन्च में तेजी आना था। रिपोर्ट में बताया गया कि बीते पांच वर्षों में बेंगलुरु में ब्रिकी के लिए शेष घरों की संख्या में 50 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

दो दोस्त होस्टल के कैंटीन में बैठे हुए...
गटरू- मैं ये रोटी नहीं खाऊंगा।
मटरू- क्यों ?
गटरू- इस रोटी पर से चूहा निकलकर गया है।
मटरू- तो क्या हुआ? चूहे ने चप्पल थोड़े ही पहनी थी...

---

दूल्हा वाले- बारात ठीक 8 :00 बजे पहुंच जाएगी।
पर एक बात तो हम कहना ही भूल गए।
दुल्हन वाले- जी पता है बारातियों का स्वागत पान पराग से करना है ना...?
दूल्हा वाले- नहीं, रास्ते के सारे चालान आपको ही भरने हैं।

---

एक भिखारी को लॉटरी लगी तो उसने मंदिर बनवाया।
दूसरा भिखारी- तूने मंदिर क्यों बनवाया?
पहला भिखारी- इसके सामने अब मैं अकेले ही भीख मागूंगा।
दूसरा भिखारी- सॉलिड इंवेस्टमेंट लाइफ लॉन्ग टेंशन फ्री एंड टैक्स फ्री, दोस्त।

## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी।
- टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वगीर्कृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने 'टॉमटाटो' का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- चीन टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो साल 2009 में दुनिया के उत्पादन के एक चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत क्रमश: दूसरे और तीसरे उत्पादक हैं।



# फ्रेजर-मैकगर्क काफी सवाल पूछते हैं जो अच्छी बात है : वॉर्नर



**सिडनी।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर का मानना है कि युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क काफी सवाल पूछते हैं और खेल से बहुत प्यार करते हैं जो कि अच्छी बात है। दोनों फिर मिलेंगे जब ऑस्ट्रेलिया पुरुष टी 20 विश्व कप यात्रा पर रवाना होगा। वॉर्नर 15 सदस्यीय टीम के सदस्य हैं, जबकि फ्रेजर मैकगर्क रिजर्व में हैं। वार्नर और फ्रेजर-मैकगर्क ने आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स शिविर में एक साथ समय बिताया, जहां युवा खिलाड़ी ने 234.04 की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाकर सभी का ध्यान खींचा, जिसमें लुंगी एनगिडी के प्रतिस्थापन के रूप में शामिल होने के बाद 15-15 गेंदों में दो अर्धशतक शामिल थे। यह चुनौतीपूर्ण और बेहद थका देने वाला हो सकता है। हमने भारत में इस बारे में बात की कि आगे चलकर इन चीजों को कैसे प्रबंधित किया जाए। जब आप वहां हों तो इस चक्र को तोड़ने के लिए घर का कोई सदस्य साथ होना जरूरी है। और जब आपके साथ अपने लोग हों... हमारी टीम के 95 प्रतिशत लोग विवाहित हैं और उनके बच्चे भी हैं, तो एक युवा व्यक्ति के रूप में आना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आप संभावित रूप से अपने कमरे में बंद हैं, कुछ नहीं कर रहे हैं। सौभाग्य से, मैं कैरेबियन में रहूंगा, इसलिए आप बाहर जा सकते हैं और अच्छी तैराकी आदि कर सकते हैं।'' 'द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने वॉर्नर के हवाले से कहा, लेकिन उसके लिए अनुभव बहुत अच्छा होगा। मुझे लगता है कि वह शायद अगस्त के अंत में इंग्लैंड दौरे पर जाएगा। एक छोटे बच्चे के रूप में, वह समझता है कि खेल क्या है, यह कैसा है।

एक टीम के खिलाड़ी के रूप में लोगों के आसपास रहता है और वह बहुत सारे सवाल पूछता है। उसे खेल पसंद है, जो बहुत अच्छी बात है।'' वार्नर आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत करेंगे, जहां उन्हें लंबे स्कोर की उम्मीद नहीं है, कुछ ऐसा जो आईपीएल 2024 के दौरान चलन में रहा है, मुख्य रूप से इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के कारण। वेस्टइंडीज में 2010 पुरुष टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की उपविजेता टीम के सदस्य वॉर्नर ने यह भी कहा कि बारबाडोस और सेंट लूसिया जैसे स्थानों में समुद्री हवाएं मैच के दौरान एक बड़ी भूमिका निभाएंगी। बारबाडोस और सेंट लूसिया में पूरे मैदान में तेज हवाएं चलती रहती हैं, इसलिए इसमें बहुत सारी चीजें देखनी पड़ती हैं। विकेट धीमा भी हो सकता है, इसलिए हो सकता है कि आपको 200 से अधिक का स्कोर न दिखे। लोग आईपीएल के बारे में बात करते हैं, लेकिन आपको वहां एक इम्पैक्ट खिलाड़ी मिल गया है। इसलिए आप इसे समीकरण से बाहर कर देते हैं। जब आप शीर्ष क्रम में होते हैं तो आप अच्छी शुरूआत करने की कोशिश करते हैं, लेकिन अगर आप शुरूआती विकेट खो देते हैं तो जो आपके सामने है उसे खेलना होगा और स्थिति से अभ्यस्त होना होगा।'' वार्नर ने यह उम्मीद करते हुए कहा कि सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अपने शानदार आईपीएल फॉर्म को विश्व कप तक जारी रख सकते हैं। उम्मीद है कि वह वहां ज्यादा रन बर्बाद नहीं करेगा और हमारे लिए कुछ रन बचा सकेगा। उम्मीद है कि वह वहां अपना टूनामेंट अच्छे से खत्म कर सकेगा और टीम को भी उस सफलता में से कुछ मिलेगा।

# दिल्ली की अपनी टी 20 लीग होगी, डीडीसीए प्रस्ताव बीसीसीआई को भेजेगा : रोहन जेटली

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) अपनी टी 20 लीग शुरू करने के लिए तैयार है। उसने इसके लिए व्यापक योजना तैयार की है और वह इस सन्दर्भ में औपचारिक प्रस्ताव भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भेजेगा। डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने स्पष्ट किया कि केवल दिल्ली स्थित टीमें ही इस प्रस्तावित टूनार्मेंट में भाग ले सकेंगी। जेटली ने आईएएनएस से कहा, हमने अपनी टी 20 लीग -- दिल्ली प्रीमियर लीग--शुरू करने पर चर्चा की है और अब हम मंजूरी के लिए अपना प्रस्ताव बीसीसीआई को भेजेंगे। केवल दिल्ली की टीमें ही इसमें भाग ले सकेंगी।'' तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों की अपनी टी 20 लीग है, जिन्हें बीसीसीआई से मंजूरी मिली हुई है। पश्चिम बंगाल इस मामले में नया नाम है जो अपनी बंगाल प्रो टी 20 लीग 11 जून से ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में शुरू करने जा रहा है।

# डीएसए ए डिवीजन लीग: ड्रीम एफसी ने गुडविल को रौंदा, भारत यूनाइटेड वायुसेना पर भारी

**नई दिल्ली।** डीएसए ए डिवीजन लीग में यहां नेहरू स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में ड्रीम एफसी ने गुडविल को 15 गोलों से रौंद कर लीग की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में यंगस्टर एफसी ने दिल्ली यूनाइटेड को भूपिंदर और गौतम भाटिया के गोलों से 2-0 से हराया। सीनियर डिवीजन के सुपर सिक्स मुकाबलों में नेशनल यूनाइटेड ने हिंदुस्तान एफसी को 4-2 से और भारत यूनाइटेड ने वायुसेना को 3-1 से पराजित किया। शास्त्री और अजमल 3-3 से ड्रा खेले। ड्रीम एफसी ने अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए गुडविल एफसी को बुरी तरह हरा दिया। गौरव नेगी ने सर्वाधिक पांच गोल जमाए। प्लेयर ऑफ द मैच नमन मलकोटी और कंवर ने दो-दो गोलों का योगदान दिया। विपिन, अजय सिंह, हर्ष और अमन सिंह ने एक-एक गोल किया। दीपक कौशिक ने एक



आत्मघाती गोल जमा कर विजेता की जीत में योगदान दिया। यंगस्टर एफसी की जीत में भूपेंद्र सिंह और गौतम भाटिया के गोलों का योगदान रहा। भूपेंद्र को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। सीनियर डिवीजन सुपर सिक्स मुकाबलों में नेशनल यूनाइटेड ने सोराइसम (2), प्रतीक लांबा और अमरजीत के गोलों से हिंदुस्तान एफसी को 4-2 से पराजित किया। पराजित टीम के गोल सैमुअल और सूरज ने किए। विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शास्त्री और अजमल के बीच खेले गए संघर्षपूर्ण मुकाबले में शास्त्री के लिए बीपिन बाबू, बोनिसोन और मुस्लिम मोला ने और अजमल के लिए गौरव चड्ढा, मुज्तबा और हैरी ने गोल बनाए। अंतिम मैच में भारत यूनाइटेड ने भारतीय वायु सेना को एक के मुकाबले तीन गोलों से हराया। विजेता टीम के लिए सिंगसिट ने दो और कप्तान मुर्मू ने एक गोल जमाया। वायुसेना पालम का गोल अमल दास के नाम रहा।

# एमएस धोनी के फैसलों का हमेशा सम्मान किया है : विश्वनाथन

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सीईओ के एस विश्वनाथन ने कहा है कि फ्रेंचाइजी ने हमेशा एमएस धोनी द्वारा लिए गए फैसलों का सम्मान किया है और उनके भविष्य के सन्दर्भ में फैसला उन पर ही छोड़ दिया है जो सही समय पर आने की उम्मीद है। सीएसके के आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने में विफल रहने के बाद 42 वर्षीय धोनी के भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार गरम है। चेन्नई को अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 27 रन से हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद वह तालिका में पांचवें स्थान पर रही। सीएसके के बॉस ने कहा, "मैं नहीं जानता। यह ऐसा सवाल है जिसका जवाब केवल एमएस ही दे सकते हैं। हमने हमेशा एमएस के फैसलों का सम्मान किया है और उनके भविष्य का फैसला उन पर ही छोड़ दिया है। सभी जानते है कि एमएस हमेशा अपने फैसले खुद लेते हैं और सही समय आने पर उनकी घोषणा करते हैं।'' विश्वनाथन ने यूट्यूब पर फ्रेंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, हमें उम्मीद है कि जब भी वह निर्णय लेंगे, हमें निर्णय मिलेगा।

लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि वह अगले साल सीएसके के लिए उपलब्ध होंगे। यह प्रशंसकों और मेरा दृष्टिकोण है।'' उन्होंने यह भी महसूस किया कि सीएसके के लंबे समय से सेवारत मुख्य कोच, न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग, भारत के पुरुष टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन नहीं करेंगे, जिसके आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई है। वास्तव में मुझे भारतीय पत्रकारों से बहुत सारे फोन आए और पूछताछ की। क्या वह भारतीय टीम का कोच बनने में रुचि रखते हैं।''

# एलपीएल पांच टीमों का टूर्नामेंट रहेगा, आयोजकों को दाम्बुला थंडर्स के लिए नए मालिक की तलाश

**कोलंबो।** दाम्बुला थंडर्स के सह मालिक तमीम रहमान की गिरफ्तारी के एक दिन बाद लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) ने कहा कि वे फ्रेंचाइजी के नए मालिक को अंतिम रूप देने के अग्रिम चरण में हैं। बुधवार को रहमान की गिरफ्तारी के बाद श्रीलंका क्रिकेट और टूर्नामेंट के आयोजक आईपीजी ग्रुप ने दाम्बुला थंडर्स का अनुबंध समाप्त कर दिया था। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार आयोजकों ने पुष्टि की है कि एलपीएल सत्र अपने मूल कार्यक्रम और पांच टीमों के साथ जारी रहेगा। आयोजकों ने एक बयान में कहा, आईपीजी ने लंका प्रीमियर लीग के इवेंट राइट्स पार्टनर के रूप में हमेशा औचित्य और अखंडता के उच्चतम मानकों को बरकरार रखा है। इन मानकों को बनाए रखने के लिए हमारा समर्पण अटूट है। हम सभी खिलाड़ियों, प्रशंसकों और हितधारकों को आश्वस्त करते हैं कि लीग की अखंडता और क्रिकेट की भावना पूरे टूर्नामेंट के दौरान संरक्षित रहेगी। 2020 में लॉन्च होने के बाद से एलपीएल में पांच टीमें शामिल हैं। दांबुला थंडर्स ने मंगलवार को एसएलसी द्वारा आयोजित खिलाड़ी नीलामी में अपना रोस्टर पूरा किया। नए मालिकों को आगामी सीजन के लिए रोस्टर विरासत में मिलने की संभावना है। लीग को अपनी स्थापना के बाद से ही अपने फ्रेंचाइजी मालिकों को बनाए रखने में परेशानी हुई है। दांबुला का अगला मालिक पिछले पांच वर्षों में टीम का पांचवां मालिक होगा, टीमों के पहले नाम दांबुला ऑरा, दांबुला जायंट्स और दांबुला वाइकिंग थे। एलपीएल 2024 सीजन 1 जुलाई को कैंडी और दांबुला थंडर्स के बीच टकराव के साथ शुरू होगा और 21 जुलाई को समाप्त होगा। टूनार्मेंट पल्लेकेल, दांबुला और कोलंबो में खेला जाएगा।

# पोंटिंग ने भारतीय टीम के कोच पद की भूमिका से किया इनकार

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि उनसे भारत के अगले पुरुष मुख्य कोच पद के लिए संपर्क किया गया था लेकिन उन्होंने अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिताने के लिए इससे इनकार कर दिया। पोंटिंग आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रहे थे जो अंक तालिका में छठे स्थान पर रही। वह बिग बैश लीग में भी होबार्ट हरिकेन्स के रणनीति प्रमुख रहे। वह ऑस्ट्रेलिया की घरेलू गर्मियों में कमेंट्री बॉक्स में भी नियमित रहे हैं और अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट सत्र में भी वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच रहेंगे। पोंटिंग ने कहा, मैंने इसके बारे में बहुत सारी रिपोर्ट देखी हैं। आम तौर पर ये चीजें सोशल मीडिया पर आपके बारे में जानने से पहले ही सामने आ जाती हैं, लेकिन आईपीएल के दौरान कुछ छोटी-मोटी आमने-सामने की बातचीत हुई, सिर्फ ये जानने के लिए कि क्या मैं इसके लिए तैयार हूं।'' मैं एक राष्ट्रीय टीम का कोच बनना पसंद करूंगा, लेकिन मेरे जीवन में अन्य चीजें हैं और मैं घर पर थोड़ा समय बिताना चाहता हूं... हर कोई जानता है कि यदि आप भारतीय टीम के साथ काम करते हैं तो आपको किसी आईपीएल टीम में शामिल नहीं किया जा सकता।'' पोंटिंग ने आईसीसी से कहा, इसके अलावा, एक राष्ट्रीय मुख्य कोच साल के 10 या 11 महीने का काम है, और जितना मैं इसे



करना चाहता हूं, यह फिलहाल मेरी जीवनशैली में फिट नहीं बैठता।'' 13 मई को, बीसीसीआई ने कहा था कि वह आवेदन आमंत्रित कर रहा है कि राहुल द्रविड़ की जगह कौन लेगा, जिसकी समय सीमा 27 मई है। भारत का अगले मुख्य कोच की नियुक्ति 1 जुलाई, 2024 से 31 दिसंबर, 2027 की अवधि के लिए की जाएगी। उन्होंने शीर्ष पद के लिए अन्य संभावित उम्मीदवारों के नामों पर भी गौर किया, हालांकि जस्टिन लैंगर ने खुद को दौड़ से बाहर कर लिया जब उनकी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स का अभियान आईपीएल 2024 में समाप्त हो गया। पोंटिंग ने कहा, मैंने कुछ अन्य नामों की चर्चा सुनी है। जस्टिन लैंगर का नाम उछाला गया था, स्टीफन फ्लेमिंग का नाम भी था। पिछले कुछ दिनों में गौतम गंभीर का नाम भी थोड़ा उछाला गया, लेकिन मुझे लगता है कि मैंने अपने कारण स्पष्ट कर दिए हैं।

# डेथ ओवरों की गेंदों से अच्छे परिणाम मिले : आवेश खान



**अहमदाबाद।** आईपीएल एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश खान को उनके पहले दो ओवरों में 30 रन पड़े, लेकिन जब जरूरत थी तब आवेश ने अपना कौशल दिखाया और अपने आखिरी दो ओवरों में मात्र 14 रन देकर तीन विकेट झटके। इस तरह उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 172/8 पर रोक दिया। आवेश का डेथ ओवरों में यह स्पेल एक बार फिर निर्णायक साबित हुआ और उन्होंने टीम को क्वालीफायर दो में पहुंचा दिया। आवेश इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स के लिए काफी सफल रहे हैं और आखिरी पांच ओवरों में उनकी कामयाबी ने टीम की सफलता में योगदान दिया है। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश करता हूं, सहज रहता हूं और ऐसी गेंदें फेंकता हूं जिसके बारे में मैं रनअप पर जाने के बाद ही सोचता हूं। डेथ ओवरों में, मैं हमेशा वाइड यॉर्कर/यॉर्कर या धीमी बाउंसर फेंकने की कोशिश करता हूं। मुझे इन गेंदों से अच्छे नतीजे मिले हैं और मैं ज्यादा बदलाव नहीं करता।'' पिछले साल, आवेश का प्रदर्शन खराब रहा था। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए नौ मैचों में केवल आठ विकेट लिए थे और मौजूदा सीजन से पहले उन्हें आरआर के साथ ट्रेड कर लिया गया था। आवेश को एहसास हुआ कि थकान के कारण उन्हें आईपीएल 2023 में वांछित प्रदर्शन नहीं मिल सका था। जब मैं पिछले साल एलएसजी के लिए खेला था, तो मैंने उससे पहले 10 रणजी मैच खेले थे, जहां मैंने लगभग 320 ओवर फेंके थे। इसलिए, शरीर इतनी अच्छी तरह से प्रतिक्रिया नहीं कर पा रहा था। मैं बहुत प्रयास कर रहा था, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा था। कोई कह सकता है कि आईपीएल में चार ओवर फेंकने होते हैं और यह सिर्फ 20 ओवर का खेल है, लेकिन इसमें काफी मेहनत लगती है। जब आप मानसिक और शारीरिक रूप से थके हुए होते हैं तो शरीर प्रतिक्रिया नहीं देता है। ट्रेड मेरे नियंत्रण में नहीं था लेकिन मुझे इससे फायदा हुआ। पिछले साल से मेरे एक्शन में कुछ तकनीकी बदलाव हुए हैं। मैंने अपने कोचों के साथ काम किया है और फिर देवधर और दलीप ट्रॉफी खेली है। भारतीय टीम में वापसी के बाद मुझे एहसास हुआ कि शरीर को तरोताजा कैसे रखना है, कब प्रयास करना है और कितना प्रयास करना है। चीजों को सरल रखने से भी आवेश को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया है। मैंने अपने क्रिकेट को सरल बना दिया है - मुझे अच्छे से सोना है, अच्छे से खाना है और मुझे गेंदबाजी करनी है। इसके अलावा और कुछ नहीं। उन्होंने याद किया, क्रिकेट एक सर्कल की तरह है, आप इसे जितना छोटा रखेंगे, उतना बेहतर होगा। आप इस दायरे को और अधिक विस्तारित करें और आपको (अधिक से अधिक) अंतराल मिलेंगे। इसने मेरी जिंदगी भी बदल दी है और मेरे क्रिकेट पर भी असर डाला है।'' आईपीएल 2024 में उनके मैच के दिन की दिनचर्या भी बदल गई है। लेकिन आवेश को विपक्ष को नियंत्रण में रखने के लिए पूरी आरआर इकाई के साथ रणनीतियों के लिए समय मिलता है, जैसे कि उन्होंने छोटी बाउंड्री का उपयोग कर अंतिम पांच ओवरों में आरसीबी को कैसे बांधे रखा। मैं मैच के दिन दोपहर 2:00 बजे ही उठता हूं इसलिए इतना सोचने का समय नहीं मिलता। आप मानसिक दृढ़ता बनाने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं वह करें, लेकिन जब तक आप बार-बार चुनौतियों का सामना करने की स्थिति में नहीं होते, तब तक आप उन पर काबू नहीं पा सकते। मैं यह सब स्वीकार करता हूं, लेकिन जब (एक बल्लेबाज के रूप में) आपको एक ओवर में 10-12 रन चाहिए होते हैं, तो आप सब कुछ भूल जाते हैं और क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। टीम मीटिंग में हम छोटी-छोटी चीजों पर बात करते हैं। हमने अंतिम दो ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की (उन्होंने 19वें ओवर में केवल पांच रन दिए और संदीप शर्मा

# ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से .01 सेकंड से चूकीं ज्योति याराजी

**जिवासकीला (फिनलैंड)।** एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति याराजी ने मोटोनेट जीपी एथलेटिक्स मीट में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा जीत ली, लेकिन मात्र .01 सेकंड से पेरिस 2024 ओलम्पिक के लिए क्वालिफाई करने से चूक गईं। सत्र की अपनी तीसरी आउटडोर प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए याराजी ने 12.78 सेकंड का समय लिया



जबकि पेरिस ओलंपिक का क्वालिफिकेशन मार्क 12.77 सेकंड है। दिलचस्प बात है कि 24 वर्षीय एथलीट पिछले वर्ष चीन के चेंगदू में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में इसी अंतर से ओलंपिक प्रवेश मार्क पूरा करने से चूक गई थीं। इस बीच तेजस शिरसे ने पुरुषों की 110 मी बाधा दौड़ 13.41 सेकंड का समय लेकर जीत ली। उन्होंने सिद्धांत तिंगालया के 2017 में अमेरिका में एल्टिस इंविटेशनल मीट में बनाये गए पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड (13.48) को तोड़ा। लेकिन उनका यह प्रयास पेरिस ओलंपिक के 13.27 सेकंड के क्वालिफिकेशन मार्क से थोड़ा अंतर से कम रह गया। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन अवधि 30 जून को समाप्त हो रही है। मोहम्मद अफसल ने पुरुषों की 800 मी दौड़ 1:48.91 के समय के साथ जीती। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 20 वर्षीय अनिमेष कुजूर 10.39 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि पुरुषों की 200 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले अमलान बोगोर्हेन 100 मीटर में 10.54 सेकंड के साथ चौथे स्थान पर रहे।

# आईपीएल 2024 : राजस्थान की बेंगलुरु पर 4 विकेट से जीत, क्वालिफायर 2 में मुकाबला हैदराबाद से

**अहमदाबाद।** यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के एलिमिनेटर मैच में राजस्थान रॉयल्स ने 173 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर चार विकेट से जीत के साथ अपने पांच मैचों की जीत के सिलसिले को विराम दिया। इस परिणाम के साथ राजस्थान रॉयल्स ने अंक तालिका में सबसे नीचे रहने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की वापसी और छह मैचों की जीत की लय को खत्म कर दिया है और अब चेन्नई में क्वालिफायर 2 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ भिड़ंत होगी। चेन्नई में क्वालिफायर 2 मुकाबले के विजेता का रविवार को फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स से मुकाबला होगा। आवेश खान (3-44) और रविचंद्रन अश्विन (2-19) की अनुशासित गेंदबाजी के दम पर आरसीबी को 172/8 पर रोकने के बाद यशस्वी जायसवाल ने 45 रन बनाए, उनके बाद रियान पराग (36), शिम्रोन हेटमायर (26) और रोवमैन पॉवेल (नाबाद 16) ने आरआर को 19 ओवर में लक्ष्य का पीछा पूरा करने के लिए प्रेरित किया। 173 रनों का पीछा करते हुए जायसवाल पांच रन पर बच गए, जब कैमरून ग्रीन ने पहली स्लिप में एक मुश्किल मौका छोड़ दिया। इसके बाद मुंबई के सलामी बल्लेबाज ने यश दयाल के खिलाफ अगली चार गेंदों पर तीन चौके मारे।

# विराट कोहली विश्व कप में रोहित के साथ ओपनिंग करें : पार्थिव पटेल

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल चाहते हैं कि विराट कोहली एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी 20 विश्व कप में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करें। पार्थिव ने लीजेंड्स इंटरकॉन्टिनेंटल टी 20 लीग के पहले संस्करण के लांच के अवसर पर आईएएनएस से कहा, "मैं चाहता हूँ कि जिस फॉर्म में विराट कोहली हैं उसे देखते हुए वह विश्व कप में रोहित के साथ ओपनिंग करें ताकि भारत का खिताबी सूखा समाप्त हो सके।" टी 20 विश्व कप को लेकर चल रही चर्चा के बीच सारा ध्यान भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर रहेगा जो अपने नाम ट्रॉफी देखना चाहेंगे। विराट ने आईपीएल 2024 में फाफ डू प्लेसिस के साथ पारी की शुरूआत की और 155.60 के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाये। हालांकि उनकी टीम बुधवार को एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से हारकर बाहर हो गई।

# यशस्वी की सफलता का राज रनों की भूख और कड़ी मेहनत है : राजस्थान रॉयल्स सीईओ

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊंची छलांग रनों के लिए उनकी भूख, कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। राजस्थान रॉयल्स के सीईओ जेक लश मैक्रम ने यह बात कही है। जायसवाल ने पिछले वर्ष वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट पदार्पण में 177 रन बनाये थे। उन्होंने उसी वर्ष अपना टी20 पदार्पण भी किया था। इस वर्ष के शुरू में जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की घरेलू 4-1 की टेस्ट जीत में 712 रन बनाए थे जिसमें दो दोहरे शतक शामिल थे। राजस्थान रॉयल्स के लिए 2024 आईपीएल सत्र में यशस्वी की फॉर्म मिश्रित रही लेकिन उन्हें आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया। मैक्रम ने कहा,




उनकी सफलता का सबसे बड़ा कारण उनकी रनों के लिए भूख, उनकी ड्राइव, उनकी कार्य नीति है।

वह किसी भी खिलाड़ी की तुलना में अधिक गेंदों को मारते हैं। वह किसी भी खिलाड़ी की तुलना में अधिक कठिन प्रशिक्षण लेते हैं, और यही वह प्रवृत्ति है जो उन्हें मिली है, जिसे देखना बहुत अद्भुत है। हमने अनुबंधित करने से कुछ साल पहले उन्हें देखा था, जब वह नीलामी के लिए पात्र नहीं थे। हालांकि हमारे पास एक विश्लेषणात्मक क्षमता है जो अविश्वसनीय रूप से मजबूत है, निर्णय लेने के लिए पर्याप्त डेटा नहीं था। इसलिए, हमने निर्णय लिया और उसके साथ बहुत सारे परीक्षण हुए।

मैक्रम ने स्पोर्टिफाइविथपीआरजी पॉडकास्ट पर कहा, जिस पहली गेंद का उन्होंने सामना किया, उसे आगे बढ़कर 135 किमी/प्रति घंटे की रफ़्तार की गेंद को स्कूप कर दिया। उस तरह की निडरता, वह कच्चापन, वह ड्राइव अविश्वसनीय रूप से प्रभावशाली थी और इसलिए मान लीजिए कि हम इस बात से आश्चर्यचकित नहीं हैं कि यशस्वी कहां पहुंच गया है। उन्होंने जायसवाल को मैदान के बाहर जमीन से जुड़े इस इंसान के पीछे के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।

# सिंधु पेरिस ओलम्पिक से पहले जर्मनी में ट्रेनिंग करेंगी, लक्ष्य फ्रांस जाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन पेरिस ओलम्पिक की तैयारी के सन्दर्भ में क्रमशः जर्मनी और फ्रांस में ट्रेनिंग करेंगे। खेल मंत्रालय के मिशन ओलम्पिक सेल (एमओसी) ने वित्तीय मदद के लिए उनके प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने सिंधु के हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सचूले में प्रशिक्षण के लिए सारब्रुकन, जर्मनी जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पेरिस जाने से पहले वह अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ एक महीने से अधिक समय तक वहां प्रशिक्षण लेंगी। दूसरी ओर, लक्ष्य, जो पेरिस में पुरुष एकल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे, ओलंपिक खेलों से पहले 8 से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पासेर्मेन में प्रशिक्षण लेंगे। मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है, एमओसी ने मंत्रालय की लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत उनके हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास लागत, स्थानीय परिवहन शुल्क, वीजा शुल्क, शटलकॉक खर्चों के वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला और तीरंदाज टीशा पुनिया के उपकरण खरीदने के समर्थन के प्रस्तावों और गोल्फर अदिति अशोक और तैराक आर्यन नेहरा के विभिन्न प्रतियोगिताओं में यात्रा के लिए सहायता के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी। टॉप्स उनके हवाई किराए, आवास लागत, स्थानीय परिवहन लागत और आर्यन के उपकरण और अदिति के कैडी शुल्क का वित्तपोषण करेगा। इसने टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई और महिलाओं की 47400 रिले टीम को टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल करने और पहलवान निशा (68 किग्रा) और रीतिका (76 किग्रा) को कोर ग्रुप में पदोन्नत करने को भी मंजूरी दे दी। एमओसी ने लॉस एंजेलिस और ब्रिस्बेन में क्रमशः 2028 और 2032 ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करते हुए टॉप्स डेवलपमेंट में उभरते गोल्फर कार्तिक सिंह को भी शामिल किया।



## खोया-पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी के नाम से एक आवासीय 50 गज का भवन इंद्रगढ़ी में है जिसकी रजिस्ट्री की, जिल्द संख्या 16763 है जो कि दिनांक 3-9-2019 को गाजियाबाद सब रजिस्ट्रार में पंजीकृत है जिसके वास्तविक कागजात कहीं खो गए है किसी अन्य के द्वारा उसका उपयोग अवैध माना जाए तथा मिलने पर निम्न पते पर सूचित करें।

प्रार्थी
जगमेन्दर पुत्र श्री कटार सिंह
निवासी ग्राम इंद्रगढ़ी
थाना मंसूरी, गाजियाबाद
मोबाइल 9910756729

# गर्मी के मौसम में रखें 65 से अधिक आयु के बुजुर्गों का विशेष ध्यान



अगर आपका शरीर ज्यादा गरम हो रहा है, और आपको तेज बुखार है, आपकी त्वचा पर दाने हैं, मांसपेशियों में ऐंठन है, सिरदर्द है, चक्कर आ रहे हैं, मतली आ रही है या कई अन्य लक्षण हैं, तो आपको गर्मी से जुड़ी सबसे आम बीमारियों में से एक हो सकती है : हीट रैश, हीट क्रैम्प, हीट थकावट या हीट स्ट्रोक। गर्मी से होने वाली बीमारियां हल्की से लेकर गंभीर तक हो सकती हैं, और हीट स्ट्रोक जानलेवा भी हो सकता है। हम आपको गर्मी से होने वाली बीमारियों के लक्षण और बचाव के तरीके बता रहे हैं।





# हीट स्ट्रोक और बुजुर्ग

## सावधानी में ही बचाव है

पानी की कमी से निपटने के लिए हर आधे घंटे में पानी का सेवन करने से लेकर अन्य पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी जाती है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही हमारे शरीर को अधिक पानी की जरूरत होना भी शुरू हो जाती है। इस मौसम में अधिक पसीना निकलने के कारण शरीर में पानी की कमी होने लगती है और धीरे-धीरे डिहाइड्रेशन का खतरा भी बढ़ने लग जाता है। पानी की इस कमी से निपटने के लिए हर आधे घंटे में पानी का सेवन करने से लेकर अन्य पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी जाती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे फलों के बारे में बताने वाले हैं जो शरीर में पानी की कमी दूर करने के साथ ही ठंडक का अहसास भी कराते हैं। गर्मियों के मौसम में पानी से भरपूर फलों का खास महत्व होता है। आज हम आपको कुछ ऐसे फलों के बारे में बताएंगे जो आपको गर्मियों के मौसम में रखेंगे हाइड्रेटेड। शुरूआत से ही गर्मी का पारा चढ़ गया था। दोपहर के धूप ने इस महीने से ही लोगों को घर में रहने के लिए मजबूर कर दिया है।

लेकिन कुछ लोगों को गर्मियों में काम के लिए बाहर निकलना पड़ता है। ऐसे में अपना खास ख्याल रखना काफी जरूरी है जिसके लिए अपने खानपान को बेहतर रखना। गर्मी के समय में कई मौसमी फल आते हैं, जो आप को गर्मी से बचा सकते हैं। ऐसे मौसम में हमे उन फलों को खाना चाहिए जो पल पानी से भरपूर हो। गर्मियों में ताजगी और सुगंधित फलों का सेवन करना शानदार रहता है। ये फल आपको ठंडक प्रदान करते हैं और आपको गर्मियों के दौरान ठंडा और ताजगी देते हैं। यहाँ कुछ ऐसे फल हैं जो आप गर्मियों में खा सकते हैं। ये फल आपको गर्मियों के मौसम में ठंडक प्रदान करते हैं और स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होते हैं। गर्मियों में तरबूज, आम,और लीची ये फल गर्मियों के मौसम में बाजार में बिकने लगते हैं और इन फलों में पानी की भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसलिए गर्मी में तरबूज का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। इन फलों में पोटेशियम भी पाया जाता है जो शरीर के लिए लाभदायक है।




### संतरा



संतरा खाने से पोटेशियम की कमी दूर होती है। बता दें कि संतरे में अत्यधिक मात्रा में पानी होता है जो शरीर में पानी की कमी को दूर करता है। इसके अलावा यह शरीर में ठंडक पहुंचाने का काम भी करता है।

### अंगूर



अंगूर में विटामिन के साथ ही काबोहाइड्रेट और फाइबर भी मौजूद होता है। इसका ज्यूस बनाने के अलावा आप सीधे भी इसका सेवन कर सकते हैं।

### आम

गर्मियों में इस फल का तो सभी को इंतजार रहता है। बेहद मीठा होने के साथ ही यह फल एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स से भरा होता है। आम के ज्यूस के साथ आप गर्मी में कच्चे आम का पना भी पी सकते हैं।

### आलूबुखारा



इस फल में फाइबर की प्रचुर मात्रा पाई जाती है। यही नहीं आलूबुखारा पेट से संबंधित समस्याओं से निपटने में भी मदद करता है। गर्मियों में यह शरीर को ठंडा रखने के साथ शरीर की इम्यूनिटी भी बढ़ाता है।

### तरबूज



तरबूज पानी का बहुत अच्छा स्त्रोत होता है। गर्मियों में यह ना केवल पानी की कमी को दूर करता है बल्कि साथ ही पेट में ठंडक भी बनाए रखता है। तरबूज खाने से हमारा शरीर हमेशा हाइड्रेट रहता है।

### खीरा



खीरा में गर्मियों के मौसम के लिए हीरा माना जाता है क्योंकि इसमें पानी की मात्रा अधिक होता है। पानी अधिक होने के साथ-साथ इसमें कैलोरी की मात्रा भी बहुत कम होता है।जो शरीर के तापमान को संतुलित रखने में काफी मदद करता है।

### पुदीना



पुदीना गर्मियों के मौसम में आपको तरोताजा महसूस करने में काफी मददगार होता है।इस मौसम में पाचन के लिए पुदीना का कोई तोड़ नहीं हैं। हालांकि पुदीना गर्मी के मौसम में आपके लिए वरदान साबित हो सकता है।

### दही



दही एक ठंडा खाद्य पदार्थ है जो आपको गर्मी से बचने के लिए काफी अच्छा साबित हो सकता है।ये इम्यूनिटी, पाचन और हेल्थ के साथ कई अन्य फायदे के लिए जाना जाता है। इसके सेवन गर्मियों में सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है।

### नारियल पानी

नारियल पानी में पोटेशियम, मैग्नीशियम और सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट पाये जाते हैं। यह शरीर को हाइड्रेट



रखने में काफी मदद करते है।इसलिए नारियल पानी को गर्मियों के मौसम में शरीर के लिए फायदेमंद माना जाता है।

### अनानास



अनानास पेट से संबंधित समस्याओं से निपटने में भी मदद करता है। गर्मियों में यह शरीर को ठंडा रखने के साथ शरीर की इम्यूनिटी भी बढ़ाता है।



# बुजुर्गों में हीट स्ट्रोक के लक्षण और बचाव

गर्मी की थकावट गर्मी से संबंधित बीमारी का एक हल्का रूप है जो कई दिनों तक उच्च तापमान के संपर्क में रहने और तरल पदार्थों के अपर्याप्त या असंतुलित प्रतिस्थापन के बाद विकसित हो सकती है।

### गर्मी से होने वाली थकावट के लक्षण भी हो सकते हैं

चेतावनी संकेत अलग-अलग होते हैं लेकिन उनमें निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:



- भारी पसीना आना
- पीलापन
- मांसपेशियों में ऐंठन
- थकान
- कमजोरी
- चक्कर आना
- सिरदर्द
- मतली या उलटी
- बेहोशी
- त्वचाः ठंडी और नम हो सकती है
- नाड़ी की गतिः तेज और कमजोर
- साँस लेनाः तेज और उथली

### बुजुर्ग अपनी सुरक्षा के लिए क्या कर सकते हैं

*गर्मी से संबंधित तनाव से खुद को बचाने के लिए आप इन रोकथाम युक्तियों का पालन कर सकते हैं:*

- ठंडे, अल्कोहल रहित पेय पदार्थ पिएँ।
  (यदि आपका डॉक्टर आमतौर पर आपके द्वारा पिए जाने वाले तरल पदार्थ की मात्रा को सीमित करता है या आपको पानी की गोलियाँ लेने के लिए कहता है, तो उससे पूछें कि मौसम गर्म होने पर आपको कितना पीना चाहिए। साथ ही, अत्यधिक ठंडे तरल पदार्थों से बचें क्योंकि वे ऐंठन पैदा कर सकते हैं।)
- आराम

ठंडा स्नान, स्नान या स्पंज स्नान लें।

यदि संभव हो तो, वातानुकूलित वातावरण की तलाश करें। (यदि आपके पास वातानुकूलन नहीं है, तो ठंडक पाने के लिए वातानुकूलित शॉपिंग मॉल या सार्वजनिक पुस्तकालय में जाने पर विचार करें।)

- हल्के कपड़े पहनें।
- यदि संभव हो तो दिन की गर्मी में घर के अंदर ही रहें।
- जोरदार गतिविधियों में शामिल न हों।
- आप बुजुर्ग रिश्तेदारों और पड़ोसियों की सुरक्षा में मदद के लिए क्या कर सकते हैं

### बुजुर्गों को तनाव से बचाने में मदद करें

- जोखिमग्रस्त वृद्धों से दिन में कम से कम दो बार मिलें और उनमें तापजन्य थकावट या तापघात के लक्षणों पर नजर रखें।
- उनकी गतिविधि के स्तर की परवाह किए बिना उन्हें ठंडे, गैर-अल्कोहलिक पेय पदार्थ पीकर तरल पदार्थ का सेवन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें।

**चेतावनीः** यदि उनके डॉक्टर ने आमतौर पर उनके द्वारा पिए जाने वाले तरल पदार्थ की मात्रा को सीमित कर दिया है या वे पानी की गोलियाँ ले रहे हैं, तो उन्हें अपने डॉक्टर से पूछना होगा कि मौसम गर्म होने पर उन्हें कितना पीना चाहिए।

- यदि उन्हें परिवहन संबंधी समस्या हो तो उन्हें वातानुकूलित स्थानों पर ले जाएं।

### गर्मी से तनावग्रस्त व्यक्ति के लिए आप क्या कर सकते हैं

- छायादार क्षेत्र में ले जाएं।
- आप जिस भी तरीके का उपयोग कर सकते हैं, उसका उपयोग करके व्यक्ति को तेजी से ठंडा करें।
- शरीर के तापमान की निगरानी करें और ठंडा करने के प्रयास तब तक जारी रखें जब तक कि शरीर का तापमान गिर जाए
- व्यक्ति को शराब पीने को न दें। जितनी जल्दी हो सके चिकित्सा सहायता प्राप्त करें।

# हृदय रोगी रहें हीट स्ट्रोक से सावधान

## गर्म मौसम आपके दिल पर दबाव डाल सकता है

गर्म मौसम हर किसी के दिल पर दबाव डालता है, जिससे उसकी धड़कन तेज हो जाती है और शरीर को ठंडा रखने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। लेकिन हृदय रोग या हृदय रोग से पीड़ित लोग, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, इतनी आसानी से अनुकूलन नहीं करते हैं। इसका मतलब है कि उन्हें हीट स्ट्रोक का खतरा है। वास्तव में, पसीना, अधिक गर्मी के प्रति शरीर की स्वाभाविक प्रतिक्रिया, हृदय रोग वाले लोगों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। यह न केवल पानी बल्कि शरीर से आवश्यक खनिजों को भी निकालता है, जिससे हृदय पर अतिरिक्त तनाव पड़ता है।

डॉ. कहते हैं, इसके अलावा, कुछ दवाएं जो लोग हृदय रोग के लिए लेते हैं, वे शरीर से तरल पदार्थ निकाल देती हैं, जिससे उनका खतरा बढ़ जाता है। इस श्रेणी में मूत्रवर्धक और बीटा ब्लॉकर्स शामिल हैं। कुछ अन्य सामान्य हृदय संबंधी दवाएं, जैसे कि एसीई इनहिबिटर्स और कैल्शियम चैनल ब्लॉकर्स, शरीर की गर्मी के प्रति प्रतिक्रिया के तरीके को बदल देती हैं।



हम अनुशंसा करते हैं कि हृदय रोगी अपनी दवाएँ निर्धारित अनुसार लेते रहें और सावधान रहें कि आपको अपने शरीर को संतुलन में रखने के लिए अधिक पानी पीने की आवश्यकता हो सकती है। यदि आपके दिल की दवा और गर्म मौसम के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो अपने हृदय रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें।

### गर्मी के मौसम में अपने दिल की सुरक्षा कैसे करें

यूएच हैरिंगटन हार्ट एंड वैस्कुलर इंस्टीट्यूट के हृदय रोग विशेषज्ञों का सुझाव है कि हृदय रोग या हृदय रोग से पीड़ित लोग गतिविधि और गर्म मौसम के बारे में बाकी सभी लोगों की तरह ही दिशानिर्देशों का पालन करें। इसमें शामिल हैः

- यदि आप कठोर व्यायाम में भाग लेने की योजना बना रहे हैं और आपको इसकी आदत नहीं है या आप कोई नया खेल अपना रहे हैं, तो पूरी तरह से जांच कराने और उसकी मंजूरी लेने के लिए अपने डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लें।
- गर्म या आर्द्र मौसम के दौरान बाहर - या बिना एयर कंडीशनिंग के घर के अंदर, खूब पानी पिएं। इसका मतलब है कम से कम आठ 8 औंस। यदि आपको प्यास नहीं लगती है तब भी प्रतिदिन चश्मा, और यदि आप व्यायाम कर रहे हैं या कुछ सक्रिय कर रहे हैं तो और भी अधिक।
- दिन के सबसे गर्म समय (सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक) में धूप में रहने से बचें, जो त्वचा कैंसर की रोकथाम के लिए भी अच्छा है।
- जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित शिशुओं और बच्चों को अधिक गर्मी से बचाएंः जब बाहर गर्मी हो तो उन्हें एयर कंडीशनिंग में रखें, उन्हें हल्के कपड़े पहनाएं और सुनिश्चित करें कि वे पर्याप्त पानी पिएं (बच्चों के लिए दिन में कम से कम छह से आठ 8 औंस गिलास)। 5 वर्ष से अधिक आयु और किशोर)।
- गर्मियों का आनंद लें, सामान्य ज्ञान का उपयोग करें और अगर आपको अपनी दवाओं या आप क्या कर सकते हैं या नहीं कर सकते हैं, इस बारे में कोई सवाल है तो अपने हृदय रोग विशेषज्ञ से पूछें।

# कच्चा आम खाने से हार्मोंस रहते हैं संतुलित

गर्मियों में कच्चा आम खूब आता है। कई लोग इसे सलाद, अचार, चटनी और भी कई सारे तरीकों से इसका सेवन करते हैं। विशेषकर गर्मी के मौसम में तो इसे खाना ही चाहिए। सफर के दौरान भी पुराने लोग अपने साथ कच्चा आम जरूर रखते थे ताकि उनके शरीर में पानी की कमी न हो सके। कच्चे आम में प्रोटीन, विटामिन, खनिज और जल की अच्छी मात्रा पाई जाती है इसलिए इसके सेवन से डिहाइड्रेशन की समस्या भी नहीं होती है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-ऑक्सीडेंट और जीवाणुरोधी गुण भी पाए जाते हैं जो कि वर्तमान में शरीर के लिए बहुत आवश्यक है। रोचक बात यह है कि जहां आम की तासीर गर्म होती है, वहीं कच्चे आम की तासीर एकदम ठंडी होती है इसलिए इसके सेवन से पेट में गर्मी नहीं होती है बल्कि एसिडिटी या पेट की कोई अन्य समस्या होती है तो उसे ठीक करने के लिए जरूर इसका सेवन किया जाता है।

### कब्ज में फायदेमंद

यदि आपका पेट ठीक से साफ नहीं हो पाता है, तब तो आपको कच्चे आम का सेवन करना ही चाहिए। कच्चे आम के सेवन से आंत साफ हो जाती हैं। आंतों के साफ होने से कई बार कब्ज की समस्या भी दूर हो जाती है। इसके सेवन से आपका पाचनतंत्र बेहतर ही होता है इसलिए इसका सेवन गर्मियों में तो अवश्य करें। दस्त, अपच और एनल फिशर जैसी समस्याओं से छुटकारा पाने में भी कच्चा आम बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है।



**डिस्क्लेमरः यह लेख केवल सामान्य जानकारी के लिए है। यह किसी भी तरह से किसी दवा या इलाज का विकल्प नहीं हो सकता। ज्यादा जानकारी के लिए डॉक्टर से संपर्क करें।**

कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

# जीआईएस मैपिंग से निगम की स्ट्रीट लाइट सड़कें, नाले और संपत्ति को किया गया डिजिटल

## नगर आयुक्त को दिया अंतिम प्रेजेंटेशन, स्मार्ट होगी निगम की विभागीय वर्किंग





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम मैपिंग को लेकर नगर निगम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में हुई बैठक में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर लखनऊ से आए साइंटिस्ट आलोक सैनी ने विभागीय अधिकारियों की उपस्थित में जनहित के कार्यों की अंतिम प्रेजेंटेशन दी। इस मौके पर साइंटिस्ट आलोक सैनी ने नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले नाले, सड़क, शौचालय, स्ट्रीट लाइट, संपत्ति को किस प्रकार डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया गया है, तथा कैसे कार्यप्रणाली को और अधिक आसान बनाया जा रहा है, इसकी भी बैठक में जानकारी दी। विस्तार पूर्वक प्रेजेंटेशन देने वाली संबंधित टीम द्वारा बताया गया कि सड़कों की लंबाई, सड़कों की चौड़ाई, सड़कों की स्थिति, डाबर की सड़क, आरसीसी की सड़क या इंटरलॉकिंग की सड़क, सभी को कैटेगरी में अलग-अलग करके दशार्या गया है जिसके माध्यम से गाजियाबाद नगर निगम की योजना के अंतर्गत कार्य करने का निर्णय प्राथमिकता निश्चित करते हुए लिया जा सकेगा, निश्चित रूप से शहरवासियों को इससे सहूलियत रहेगी। इसी आधार पर नालों की सफाई स्ट्रीट लाइट की स्थिति निगम की संपत्ति का विवरण शौचालय की स्थिति व अन्य विवरण भी आसानी से एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्राप्त हो सकेंगे।

नगर आयुक्त ने बताया कि रिमोट सेंसिंग के द्वारा कराए गए सर्वे के उपरांत जीआईएस मैपिंग के माध्यम से निगम सीमा अंतर्गत 70 लेयर की कैटेगरी में संपत्ति की सूचनाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है जिसका कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रणाली से न केवल विभागीय स्मार्ट वर्किंग होगी बल्कि शहरवासियों को भी इसका पूरा लाभ मिलेगा।

### जनहित के सभी कार्य एक ही डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़ेंगे: नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि निगम के भौगोलिक सूचना प्रणाली जीआईएस सर्वे का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है जिसमें निगम सीमा अंतर्गत आने वाली सड़कों, स्ट्रीट लाइट, संपत्ति, नालों, शौचालयों,पार्कों, व अन्य डाटा, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोड़ दिया गया है, इस प्रकार एक ही प्लेटफार्म पर सभी प्रकार की सूचना अधिकारियों व निगम की टीम को सरलता से प्राप्त होंगी। इससे प्राथमिकता के आधार पर तय होने वाले कार्यों के लिए निर्णय लिया जा सकेगा।

# धूमधाम से मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा





**साहिबाबाद ,करंट क्राइम।** बुद्ध पूर्णिमा पर लोगों ने धूमधाम से गौतम बुद्ध की जयंती मनाई। गुरुवार को डॉ. आंबेडकर जन कल्याण समिति की ओर से वसुंधरा बुद्ध चौक पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। समारोह के मुख्यअथिति बुद्ध विहार प्रबंधक चुन्नीलाल कैमवाल के साथ समिति के संस्थापक आई सी रवि, अध्यक्ष महेशचंद्र गौतम, उपाध्यक्ष आर एस सुमन, महासचिव ओमप्रकाश, संयुक्त सचिव महीपाल सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मसिंह व क्षेत्रीय पार्षद सतेंदर चौधरी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। भन्डारे में हजारों की संख्या में लागों ने प्रसाद लिया। वहीं भन्ते सुमन मैत्रिय ने बुद्ध वन्दना कराई। सभी ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं बुद्ध विहार सैक्टर 15 वसुंधरा मं प्रकाश उत्सव के बाद खीर का वितरण प्रसाद के रूप में किया गया।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि गर्ग साहब के खास चेहरे कुछ दिन पहले खूब जा रहे थे गोयल साहब के पास? मगर ना जाने ऐसा क्या हुआ कि आवागमन की इस कार्यवाही में उन्होंने ब्रेक लगा दिया साहब? सुना है गोयल साहब करते हैं गर्ग साहब के खास का अक्सर इंतजार? आखिर गर्ग साहब के खास ने अंगारों पर चलकर बनाया था गोयल साहब के यहां जाने का रास्ता? कुछ तो बात हुई है जो भूल गये हैं गोयल साहब का रास्ता?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर है गाजियाबाद से बाहर? सुना है उनके प्रिय कार्यकारिणी वाले तोमर आउट ऑफ कंट्रोल हो रहे हैं यार? सुना है इन्दिरा जी वाले मंडल के ग्रुप में उन्होंने डाला एक ऐसा मैसेज, जिससे मच गई सनसनी? उन्होंने ठेली वालों से उगाही को लेकर लगा दिये कुछ भगवा पार्षदों पर ही आरोप? ये बात नहीं है अनसुनी? कहने वाले ने कहा उन्होंने दे दी है चेतावनी खुले आम? कहा अगर की अब किसी पार्षद ने ठेली वालों से उगाही? तो सबूत के साथ मैं सार्वजनिक कर दूंगा उसका नाम?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब दे रहे थे भगवा पार्षद, पार्षद की गिरफ्तारी के खिलाफ धरना? तब मेरी थी इस धरने के दौरान पार्षद सौलंकी और पार्षद भाटी पर नजर? मैंने देखा ये दोनों धरने पर बैठ ही नहीं रहे थे? कभी इधर जा रहे थे तो कभी जा रहे थे उधर? पूरे धरने के दौरान ये फोन पर करते रहे इधर उधर बात? धरने में शामिल होने के बावजूद ये धरने पर क्यों नहीं बैठे, ये बात पूछता है गाजियाबाद?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ ऐसा ही दिख रहा था हमें हिमांशु चौधरी का भी अंदाज? वो भी धरने पर होते हुए, करा रहे थे धरने में नहीं होने का एहसास? धरने पर बैठने से ज्यादा वो जा रहे थे कभी पुलिस तो कभी मीडिया वालों के पास? उनका भी धरने से फोकस था भाटी जी और सौलंकी जी की तरह पूरी तरह आउट? इन तीनों की गतिविधियां मौके पर पैदा कर रही थी कई पार्षदों के दिमाग में डाउट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं एक बात चाहता हूं बताना? मेयर सुनीता दयाल कितना रखता हैं अपने पार्षदों का ध्यान? ये बात हमें तब पता चली जब धरने पर बैठे पाषर्दों के लिए आया मेयर साहब के यहां से खाना? इससे पता चला कि मेयर साहब कितना करती हैं अपने मैम्बरों से प्यार? वैसे भी पारा सातवें आसमान पर था, ऐसे में खाली पेट जंग कैसे कोई लड़ सकता है यार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं एक विचार पहुंचाना चाहता हूं आंदोलनकारी पार्षदों के पास? मैं चाहता हूं धरने पर बैठे सभी पार्षद इन्दिराजी वाले एरिया के भगवा कमिश्नर बख्शी जी के हाथ में प्रदर्शन का पूरा नेतृत्व सौंप दे साहब? आखिर एक समय उन्होंने ही उठाई थी अतिक्रमण के खिलाफ वाली आवाज? अब पता चल रहा है कि क्यों कुछ चेहरे इस आवाज को उठाने के बाद हो गये थे नाराज? अगर आंदोलन की उठायेगे बख्शी जी हाथ में तख्ती? तभी मजबूत होगी धरने प्रदर्शन की सख्ती?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि पार्षद की गिरफ्तारी के बाद कमांडर के दोस्त पहलवान के अंदाज केवल रह गये बयान तक ही सीमित? मगर दो दिन के प्रदर्शन के दौरान उनके बिल्कुल भी नहीं हुए पार्षदों के साथ दीदार? ऐसा क्यों हुआ इसका हिसाब किताब निकालने वाले निकाल रहे हैं बेशुमार? कहने वाले कह रहे हैं भगवा पहलवान संबंधों को ठीक करने के लिए लगता है हो गये हैं एक ताकतवर जनप्रतिनिधि को लेकर साफ्ट? नहीं तो पहलवान की गिनती उन खिलाड़ियों में होती है जो गुगली, बाउंसर, इन स्विंग, आऊट स्विंग जैसे गेंदों को करते हैं आगे बढ़कर लॉफ्ट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं शिप्रा वाले पिंटु तोमर जी के आरोप पर खींचना चाहता हूं आपका ध्यान? यूं ही उन्होंने सभी पार्षदों को करप्ट बता दिया, हमें ये बात समझ नहीं आई श्रीमान? अगर उनके पास सचमुच है कोई सबूत? तो उसका पेश करना चाहिए उनको प्रुफ? यूं आरोप तो लगाने वाले लगाते ही रहते हैं सिर्फ आरोप ही नहीं होते हैं बहुत बड़ा प्रुफ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि पहलवान और पहलवान के दोस्त के प्रिय मैम्बर भगवा राघव पार्षद वाले विवाद को खत्म कराने के लिए कर रहे हैं अथक प्रयास? सुना है इस मामले में उनका फोन एक ऐसे ब्राहमण चेहरे के पास गया था? जिन्हें बताया जाता है विधायक जी का खास? सुना है इन्होंने फोन करके कहा था कि आप विधायक जी से कुछ कहोगे तभी बनेगी बात? तब सामने से आवाज आई थी इस मामले के बारे में मैं कुछ नहीं जानता? आपको करनी हो तो आप डॉयरेक्ट कर सकते हो विधायक जी से बात?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नगर निगम इन दिनों अनुभवी पार्षदों के सूखे से गुजर रहा है यार? अगर आज सदन में पार्षद के तौर पर राजेन्द्र त्यागी, गेम फिनिशर अनिल स्वामी और हिमांशु मित्तल होते? तो ये विवाद निगम के गलियारों से बाहर आता ही नहीं यार? इनकी दखल से जो जाता समस्या का समाधान? दो सीनियर पार्षद जय और वीरू भी इस विवाद को ठंडा कर सकते थे? मगर इस पूरे घटनाक्रम में उनके दर्शन ही नहीं हो रहे श्रीमान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# वरदान सेवा संस्थान के संस्थापक स्व. कमलेश कुमार के जन्मदिन पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बृहस्पतिवर को वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं वरदान सेवा संस्थान के संस्थापक स्व. कमलेश कुमार के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निःशुल्क ओपीडी, जरनल फिजिशियन ,स्त्री रोग , बाल रोग , हड्डी रोग , नाक कान गला रोग , नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा मोतियबिंद की निःशुल्क सर्जरी एवं हड्डियों की जांच की गयी। इसके साथ साथ अन्य सभी परीक्षणों पर विशेष छूट दी गयी। शिविर में 200 मरीजों ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ स्व. कमलेश कुमार की प्रतिमा पर कृष्ण वीर सिंह सिरोही अध्यक्ष, वरदान सेवा संस्थान, ललित जायसवाल अध्यक्ष, वरदान मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, विजय कुमार मंत्री वरदान सेवा संस्थान द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण कर किया गया। इस अवसर पर आमोद मित्तल, शलभ अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल , बबिता सिंघल , वरदान सेवा संस्थान के प्रचार प्रमुख तरुण शम एवं वरदान सेवा संस्थान के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. हिमांशु भारद्वाज मेडिकल सुपरिटेंडेंट, गजेंद्र शर्मा , विक्रांत सिंह, चारु शर्मा , सिस्टर प्रिया , संजय कुमार एवं वरदान के सभी डॉक्टर्स, स्टाफ के सानिध्य में शिविर का सफल आयोजन हुआ।

# डासना में बिजली का खंभा गिरने से कार क्षतिग्रस्त, जर्जर खंभों से दहशत







**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** गाजियाबाद के डासना क्षेत्र में बिजली का खंभा कार पर गिरने से कार क्षतिग्रस्त हो गई जिसको लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो वायरल हुआ। मामला डासना के पठान चौक का है जहां सुबह बिजली का एक जर्जर खंभा अधिवक्ता की कार पर जा गिरा।

गनीमत रही कि किसी भी प्रकार का जान माल का नुकसान नहीं हुआ परंतु कार पर खंभा गिरने से कार में काफी नुकसान हो गया जिसकी पूर्ति को पूरा करने के लिए बिजली विभाग ने आश्वासन दिया है। डासना में कई जगह जर्जर हालत में खंभे हैं जिनको अभी तक बदला नहीं जा सका है।

### क्षेत्र के कई खंभे जर्जर हालत में हैं: सभासद शहजाद





**करंट क्राइम।** डासना के वार्ड 4 से सभासद डॉक्टर शहजाद ने बताया कि हमारे यहां पर ऐसे कई खंभे हैं जिनकी जर्जर हालत है जिसको लेकर शिकायत दी गई थी परंतु अभी तक यह खंभे नहीं बदले गए हैं। उनका कहना है कि बिजली विभाग हमसे जो भी सहायता लेता है हम हर तरह से करने के लिए तैयार हैं परंतु इन खंभों को जल्द से जल्द बदलवाया जाए।

### बारिश में करंट रहता है खंभे में:समर चौधरी



**करंट क्राइम।** समाजसेवी समर चौधरी ने बताया कि मोहल्ला खारी कुआं पर 40 साल से भी ज्यादा पुराना लोहे का खंभा है। इस खम्बे पर बरसात में करंट उतरता है। इस खंभे को भी बदलवाया जाना चाहिए। नहीं तो भविष्य में इस खंभे से बड़ा हादसा हो सकता है।

### जर्जर खंभे जल्द बदले जाएंगे: एसडीओ

**करंट क्राइम।** बिजली विभाग के एसडीओ मसूरी ने बताया कि इस घटना की जानकारी हमें मिल गई थी। शिकायतकर्ता को आश्वासन दिया है और जो भी नुकसान हुआ है उसकी पूर्ति करेंगे। इसी को लेकर हमने क्षेत्र का निरीक्षण किया है। इसमें दो से तीन खंभे जर्जर हालत में पाए गए हैं और पूर्व में भी इनकी शिकायत प्राप्त हुई थी उनको दो से तीन दिन में बदलवा दिया जाएगा।

## श्रद्धांजलि सभा



19/09/1966 - 17/05/2024

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता गोयल, धर्मपत्नी श्री रूपेंद्र कुमार गोयल का स्वर्गवास दिनांक 17/05/2024 को हो गया है।

रसम पगड़ी एवं प्रार्थना सभा :

दिनांक : 27/05/2024 (सोमवार)
समय : साएं 4 बजे से 5 बजे
स्थान : भगवत धाम, चिल्ला रोड, मयूर विहार - I, दिल्ली - 91

शोकाकुल
गोयल परिवार

# डॉ. उपासना अरोड़ा को स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित







**साहिबाबाद ,करंट क्राइम।** यशोदा हॉस्पिटल कौशाम्बी की एमडी डॉ. उपासना अरोड़ा को स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. उपासना अरोड़ा को सुपर इंडियंस कॉन्क्लेव भारत-24 में स्वास्थ्य क्षेत्र में हासिल की गईं विशेष उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके स्वास्थ्य क्षेत्र में समर्पण और योगदान का प्रतीक है।

पुरस्कार समारोह का आयोजन नई दिल्ली के प्रतिष्ठित होटल ताज में किया गया था। इस अवसर पर कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही जिनमें छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, भारत 24 के सीईओ डॉ. जगदीश चंद्र, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, मंत्री एसपी सिंह बघेल, महंत नारायण गिरी और आचार्य प्रमोद कृष्णम शामिल रहे। डॉ. अरोड़ा की यह उपलब्धि उनकी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रदान करने की प्रतिबद्धता और चिकित्सा प्रथाओं को उन्नत बनाने के निरंतर प्रयासों को दशार्ती है। यह पुरस्कार न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान का सम्मान करता है बल्कि स्वास्थ्य क्षेत्र में यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी की उत्कृष्टता को भी उजागर करता है।

## चिन्टू जी



2 रमेश चंद तोमर : चिंटू मेरे बारे में ज्यादा मत सोचो, मैं दिल में आता हूँ दिमाग में नहीं, हमने तो सब कुछ छोड़ दिया है गर्ग साहब के ऊपर, जितना वो आँकड़ा बता देंगे। उसे तुम मान लेना सुपर साठा चौरासी, इन्ही शब्दों में छुपा है सारा राज, बाकी तुम समझदार हो, लगाते रहो हिसाब।

1 चिंटू जी : पूर्व सांसद, गुरुओं के गुरु जी, आपने जितने तेवर से ये वोट वाली उँगली दिखा रहे हो, क्या इन्हीं तेवरों के साथ आप ये भी बता सकते हो कि अतुल गर्ग जी धौलाना विधानसभा से कितने वोटों से चुनाव जीतेंगे।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जब सियासी पारा हाई है और चारों तरफ चुनाव की चर्चा छाई है। ऐसे में आस्था श्रद्धा की डुबकी बीजेपी की रूबी अग्रवाल ने लगाई। बुद्ध पूर्णिमा की सभी को शुभकामनाएं दी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।